दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 05 दिसम्बर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 347 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे...

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन का पीएम मोदी ने किया गले लगाकर स्वागत



**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिल्ली पहुंच गए हैं। वे दिल्ली में 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। यह यात्रा केवल कूटनीतिक औपचारिकता नहीं बल्कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों में भारत-रूस संबंधों के नए अध्याय की शुरूआत मानी जा रही है।

**पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन की अगवानी की :** दो दिवसीय भारत दौरे पर पहुंचे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का पालम एयरपोर्ट पर पीएम मोदी ने स्वागत किया हैं। इस दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने एक-दूसरे को गले लगाया है। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन पीएम मोदी के साथ प्रधानमंत्री आवास जाएंगे। जहां दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी। इसके बाद राष्ट्रपति पुतिन पीएम आवास में रात्रिभोज में शामिल होंगे।

**रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का औपचारिक स्वागत :** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एयरपोर्ट पर औपचारिक स्वागत किया गया है। इस दौरान उनके स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए।

**एक ही कार में रवाना हुए पीएम मोदी और पुतिन :** दिल्ली पहुंचने के बाद पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक कार में सवार होकर एयरपोर्ट से रवाना हुए हैं।

**रूसी स्वास्थ्य मंत्री से मिले जेपी नड्डा :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आज रूस के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की है। इसे लेकर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में उन्होंने बताया कि, 'आज रूसी संघ के स्वास्थ्य मंत्री मिखाइल मुराशको से मुलाकात की। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की और स्वास्थ्य क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग और साझेदारी बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। दोनों पक्षों ने किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच के साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## ढाका में चमकी गाजियाबाद की महिला आरक्षी अनु कुमारी



### पुलिस कमिश्नर ने 50 हजार का चेक देकर किया सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप 2025 में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की महिला आरक्षी अनु कुमारी ने शानदार प्रदर्शन कर भारत को विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर खिताब अपने नाम किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और देश-प्रदेश का नाम रोशन करने पर गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर ने अनु कुमारी को 50 हजार रूपये का चेक देकर सम्मानित किया।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि आरक्षी अनु कुमारी ने गाजियाबाद पुलिस का मान बढ़ाया है और उनका प्रदर्शन युवाओं व पुलिस बल के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने अनु कुमारी को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

## चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मोदीनगर में सर्राफा कारोबारी की हत्या

### इलाके में दहशत, हत्या के विरोध में बाजार रहा बंद

**वारदात**

"एडिशन सीपी, डीसीपी, एसीपी और क्राइम ब्रांच ने संभाली कमान




मृतक गिरधारी लाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ग्रामीण जोन के मोदीनगर थानाक्षेत्र के गोविंदपुरी इलाके में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया। 70 वर्षीय सर्राफा कारोबारी गिरधारी लाल वर्मा की उनकी दुकान में ही बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना उस समय हुई जब वे रोज की तरह दुकान खोल रहे थे। तभी एक युवक अचानक दुकान में घुसा, उनपर लाल पाउडर फेंका और धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस घटना के बा लोकल व्यापारी नाराज हो गए बाजार बंद करवा दिए गए। तो वहीं हत्या की सूचना पर एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। एक आरोपी को पब्लिक ने दबोचकर जमकर पीटा है तो वहीं अन्य की तलाश की जा रही है। सूचना मिलते ही एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी और डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वारदात करीब सुबह 9 बजे हुई और प्राथमिक जांच में धारदार हथियार से हत्या की पुष्टि हुई है। विधायक मोदी नगर ने मंजू शिवाच ने घटना को लेकर नाराजगी जताई है।





### लूट की नीयत से की गई वारदात, बेटे ने आरोपी को दबोचा

करंट क्राइम : प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी लूट की नीयत से दुकान में घुसा था। गिरधारी लाल के विरोध करने पर उसने कैंची जैसे नुकीले हथियार से कई वार किए। इस दौरान मृतक के बेटे उपेंद्र वर्मा भी मौके पर पहुंचे और हमलावर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन हाथापाई में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने आरोपी को दबोचकर पीट दिया। पकड़े गए युवक की पहचान अंकित के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके के व्यापारियों में गहरा रोष फैल गया। विरोध स्वरूप आसपास के बाजार बंद कर दिए गए। व्यापारी संगठनों ने आरोपी के साथियों की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। कई व्यापारियों ने खुलेआम कहा कि ऐसे अपराधियों का सीधे एनकाउंटर होना चाहिए। वहीं एडिशन सीपी से कहा है कि सीएम कहते हैं कि बदमाश दूसरे चौराहे पर मार दिए जाएंगे। ऐसा होना भी चाहिए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। दुकान और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि आरोपी अकेला था या किसी गिरोह का हिस्सा।

### मोदी नगर के पुराने ज्वैलर्स थे गिरधारी लाल

करंट क्राइम : स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि गिरधारी लाल वर्मा पिछले पांच दशकों से गिरधारी लाल एंड संस ज्वैलर्स के नाम से व्यवसाय चला रहे थे और अत्यंत सम्मानित व्यक्ति थे। उनकी दुकान में रोजाना भारी लेन-देन होता था, जिसके चलते लूट की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं दिनदहाड़े हुई इस हत्या से पूरे बाजार में दहशत फैल गई है। व्यापारियों का कहना है कि जब सर्राफा कारोबारी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिकों की सुरक्षा की क्या गारंटी है? पुलिस का कहना है कि मामले को प्राथमिकता पर लिया गया है और जल्द ही पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।

## साहिबाबाद के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने पकड़ी एसआईआर अभियान में एक बड़ी खोट, एक ही मकान में तलाश लिए 263 वोट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान को लेकर भाजपा जोर शोर से जुटी है। वो इसके माध्यम से ये संदेश दे रहे हैं कि कई स्थानों पर ऐसे वोट हैं जो वहां नहीं रहते हैं। वो ये भी बता रहे हैं कि कई ऐसे वोट भी इस अभियान में पकड़े जायेंगे जो केवल वोटर लिस्ट पर हैं और वास्तव में नहीं हैं। वोटर लिस्ट की कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट ये आ गया जब साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में यहां के पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने वोट की एक बड़ी खोट पकड़ ली। उन्होंने एक ऐसे मकान का पता दिया जहां एक ही पते पर 263 वोटर हैं। अमरपाल शर्मा ने निर्वाचक नामावली 2025 का ब्यौरा दिया। उन्होंने अर्थला की संजय कॉलोनी का हवाला दिया और बताया कि यहां भाग संख्या 579 से 842 तक 263 वोट हैं। ये वोट एक ही पते पर बने हैं और इनका मतदान स्थल आईटीएस कॉलेज, मोहन नगर है। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने बताया कि ये एक ही मकान है जिस पर 263 वोट मिले हैं। उन्होंने इस मामले को उठाया। पूर्व विधायक के इस खुलासे के बाद एसआईआर अभियान को लेकर ये पता चला कि वोट वाला मामला केवल भाजपा की तरफ से ही नहीं ढूंढा जा रहा है बल्कि विपक्ष भी ऐसे वोटों की लिस्ट लिए हुए है जो मतदाता सूची है और यहां नहीं हैं। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि ऐसा कैसे हुआ ये समझ से परे है। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।




### वोटर लिस्ट से हटा दिये गये हैं ये सभी नाम : अरुण दीक्षित



करंट क्राइम। करंट क्राइम ने इस मामले में एसडीएम अरुण दीक्षित से बात की। उन्होंने बताया कि ये मामला पूर्व विधायक ने उठाया है और एक ऐसा मकान है जहां पर 263 वोट हैं। एसडीएम अरुण दीक्षित ने तत्काल ही इस पूरे मामले में जानकारी ली और फिर उन्होंने करंट क्राइम को बताया कि ये नाम वोटर लिस्ट से हटा दिये गये हैं। इन्हें एएसडी सूची में रखा गया है। एएसडी सूची का मतलब है कि एबसेंट शिफ्टिंग और डेड यानी मतदाता उपस्थित नहीं है, मतदाता यहां से शिफ्ट कर गया है या मतदाता की मृत्यु हो चुकी है।

## प्रदेश वाली लिस्ट का पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी कर रहे हैं वेट देखना होगा किसके फेस पर आएगी स्माइल, और किसकी हटेगी फाइल




### - एक थाने पर इसी महीने मिल सकती है अंडरट्रेनी आईपीएस को पोस्टिंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में दिसंबर फिर एक बार परिवर्तन वाला सीन बनवा रहा है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जैसे ही प्रदेश वाले पीपीएस अधिकारियों की लंबी लिस्ट आउट होगी, उस लिस्ट से पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के दो से तीन एसीपी इधर से उधर किया जा सकते हैं। इस लिस्ट आने के बाद यह पता चलेगा कि किसके चेहरे पर इस्माइल आएगी और किसकी फाइल यहां से रवाना की जाएगी।

इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों ने जानकारी दी है कि अंडर ट्रेंनी आईपीएस अधिकारी की आमद होने के कुछ दिन के भीतर ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के एक थाने में उनका नाम लिखा जाएगा। अब देखना होगा कि सिटी जोन से वह नाम आता है या नदिया पार के लिए इस बार कोई नया चुनाव होता है।

### सिटी और देहात के जोन पहले रहे हैं अंडरट्रेनी आईपीएस के नाम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद अंडर ट्रेंनी आईपीएस के लिए सिटी वाले थाने में भी नाम लिख चुका है, तो देहात के एक थाने पर भी नाम लिखा गया था। अब देखना होगा कि इस बार सिटी या देहात का ही नंबर आता है या नदिया पार के किसी थाने पर लेडी अंडर ट्रेंनी आईपीएस अधिकारी का नाम लिखा जाएगा। वैसे बताया जा रहा है कि बीते दिनों उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की है। तो उत्तर प्रदेश पुलिस प्रमुख से भी मुलाकात कर ली गई है। इसके बाद प्रबल संभावना है कि वह इसी सप्ताह कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कमान संभालेंगी।

### बदलेंगे फेस, तो शुरू होगी जोन चेंज की रेस

करंट क्राइम :पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि अगर दो से तीन एसीपी स्तर के अधिकारियों का पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से बाहर तबादला होता है। तो फिर एक नई रेस शुरू होगी, वह रेस होगी की पुराने एसीपी किस नए जोन में भेजे जाते हैं या उनको कौन सा सर्किल एलॉट किया जाएगा। वहीं यह देखना भी दिलचस्प होगा कि बाहर से कितने एसीपी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पोस्ट किए जाते हैं, क्योंकि पूर्व में गाजियाबाद में एसीपी स्तर के अधिकारियों की अधिक संख्या का सवाल मुख्यालय में भी उठ चुका है। उसके बाद से यहां की पोस्टिंग पर इबकी नजरें रहने वाली हैं।

## व्यापारियों ने एडिशनल सीपी को घेरा

### बोले-पुलिस करती है चौराहों पर उगाही, थाने में नहीं होती सुनवाई

### कानून व्यवस्था पर सवाल-ज्वैलर्स की हत्या से व्यापारियों में उबाल

गाजियाबाद, करंट क्राइम : मोदीनगर में बुजुर्ग सर्राफा कारोबारी गिरधारी लाल वर्मा की सुबह दुकान खोलते समय धारदार हथियार से की गई हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया है। घटना के बाद एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी के मौके पर पहुंचते ही व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने घेरकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। व्यापारियों ने कहा कि चौराहों पर खड़ी ट्रैफिक पुलिस उगाही करती है, लोगों को बेवजह रोककर परेशान किया जाता है, वहीं थानों में बिना पैसे दिए किसी की सुनवाई नहीं होती। एसीपी पर फोन नहीं उठाने का आरोप लगाए गए हैं। वहीं व्यापारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति का हवाला देते हुए कहा कि यदि प्रदेश में कानून का राज है, तो इस मामले में भी बदमाशों पर वैसी ही सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जैसा मुख्यमंत्री कहते हैं कि बदमाश वारदात करेगा तो दूसरे चौराहे पर लाश मिलेगी।

### कारोबार बंद करने की चेतावनी दी

करंट क्राइम : ज्वैलर्स की हत्या के बाद व्यापारिक समुदाय में भारी आक्रोश है। ज्वैलर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि इस घटना के तारों को सही तरह से नहीं खोला गया और हत्यारे नहीं पकड़े गए, तो जिलेभर के व्यापार और कारोबार को प्रभावित किया



जाएगा तथा कलेक्ट्रेट का घेराव भी किया जा सकता है। व्यापारियों का कहना है कि बढ़ती आपराधिक घटनाएं पुलिस की लापरवाही को उजागर करती हैं और व्यापारी वर्ग असुरक्षित महसूस कर रहा है।

### राजनीतिक खामोशी पर उठ रहा है सवाल

करंट क्राइम : मोदीनगर को राजनीतिक रूप से मजबूत इलाका माना जाता है, जहां किसान यूनियन से लेकर राष्ट्रीय लोकदल, भाजपा, सपा और बसपा तक की अच्छी पकड़ है। बड़ी विधानसभा और ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण सभी दलों का यहां गहरा संपर्क है, लेकिन ज्वैलर्स की हत्या जैसी बड़ी घटना के बाद सिर्फ स्थानीय विधायक ही मौके पर पहुंचीं। अन्य दलों के नेता नदारद रहे, जिससे लोगों में नाराजगी है। 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है, ऐसे में इतनी गंभीर घटना पर राजनीतिक खामोशी बड़े सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोग कार्यकर्ताओं और नेताओं की अनुपस्थिति को जनता की समस्याओं से दूरी और संवेदनहीनता के रूप में देख रहे हैं।



# शीतकालीन सत्र : दिल्ली वायु प्रदूषण को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन

## ‘जहरीली फिजाओं में सांस ले रही राजधानी दिल्ली, सरकार है कि चर्चा को तैयार ही नहीं’

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का चौथा दिन है। पहले दोनों दिन हंगामे के भेंट चढ़ने के बाद तीसरे दिन कार्यवाही सामान्य रही। लोकसभा से केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संसोधन) विधेयक 2025 पारित किया गया। आज दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया।

संसद का शीतकालीन सत्र गुरुवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गया है। आज विपक्षी सांसद दिल्ली में वायु प्रदूष्ण के मुद्दे पर संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। आज सुबह दिल्ली की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में थी और वाय गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 299 दर्ज किया गया। तीन सांसदों मणिकम टैगोर, मनीष तिवारी और विजय कुमार ने लोकसभा में स्थगन नोटिस दिए हैं, ताकि दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में बढ़ते वायु प्रदूषण पर चर्चा की जा सके।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 को पेश करेंगी, ताकि इस पर विचार किया जा सके और चर्चा हो सके। इस विधेयक का मकसद राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने के लिए संसाधन जुटाना और मशीनों और अन्य प्रक्रियाओं पर उपकर (सेस) लगाने के साथ संबंधित मामलों को संभालना है। शीतकालीन सत्र सोमवार को शुरू हुआ था और 19 दिसंबर को समाप्त होगा।

**हमारे पास कोई राष्ट्रीय एयरलाइन नहीं: पी संतोष कुमार –** भाकपा सांसद पी संतोष कुमार ने कहा, इंडिया इस क्षेत्र (विमानन) में सबसे बड़ी कंपनी है। लेकिन साथ ही गलतफहमी, देरी और उड़ान रद्द होने की सैकड़ों शिकायतें भी हैं। साथ ही हमारे पास कोई राष्ट्रीय एयरलाइन नहीं है। इसलिए, हमें इन निजी कंपनियों पर निर्भर रहना होगा। मुझे लगता है कि इंडिगो अपने बुनियादी ढांचे और स्थिति को सुधार सकती है। केंद्रीय मंत्रालय को इस पर ध्यान देना चाहिए। हमारे पास और कोई विकल्प नहीं बचा है।




### रुपये की कीमत घट रही, देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं: खरगे



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरती कीमत पर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, मैंने कहा है कि रुपये की कीमत घट रही है। इसका मतलब है कि इस देश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। वे हमेशा कहते हैं कि हम विकास कर रहे हैं और आर्थिक स्थिति अच्छी है। लेकिन जब रुपया गिरता है, तो यह दशार्ता है कि आपकी आर्थिक स्थिति क्या है। खरगे संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### साल दर साल बदतर हो रहे हालात: वायु प्रदूषण पर बोलीं प्रियंका गांधी



पीएम नरेंद्र मोदी के मौसम का मजा लेने वाले बयान पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने पलटवार किया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर कहा, किस मौसम का मजा लें? बाहर का हाल देखिए। जैसा सोनिया जी ने कहा, बच्चे सांस नहीं ले पा रहे हैं। उन्हें अस्थमा है और उनके जैसे बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। साल दर साल हालात बदतर होते जा रहे हैं। हर साल केवल बयानबाजी होती है, कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। हम सभी ने कहा है कि सरकार को कार्रवाई करनी होगी और हम सब उनके साथ खड़े हैं। ये कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है कि हम एक-दूसरे पर उंगली उठाएं।

विपक्षी सांसदों ने दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मकर द्वार के सामने किया गया, जिसमें सांसदों को ऑक्सीजन मास्क पहने और प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करने के लिए एक बैनर पकड़े देखा गया। बैनर पर लिखा था- मौसम का मजा लीजिए।

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में 'मौसम का मजा लीजिए' कहा था। विपक्षी सांसदों ने नारे लगाते वायु प्रदूषण पर संसद में चर्चा की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी भी संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं। इससे पहले आज, कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रदूषण को लेकर सरकार की आलोचना की और बताया कि विपक्षी सांसद केंद्र का ध्यान आकर्षित करने के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

शरद पवार गुट की सांसद फौजिया खान ने कहा, हम चर्चा चाहते हैं। यह अहम मामला है कि हम दिल्ली में जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। सरकार इस पर चर्चा करने को तैयार नहीं है।

### 'मेरे जैसे बूढ़े लोगों को परेशानी हो रही', वायु प्रदूषण को लेकर सरकार पर भड़कीं सोनिया गांधी



नई दिल्ली। विपक्षी नेताओं ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में सोनिया गांधी भी शामिल हुईं। सोनिया गांधी ने शहर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सरकार से तुरंत एक्शन लेने की मांग की। हाथ में प्लेकार्ड लिए, कई विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने संसद भवन परिसर के मकर द्वार के बाहर नारे लगाए और प्रधानमंत्री से बयान देना बंद करने और एक्शन लेने को कहा। वायु प्रदूषण की समस्या की गंभीरत को दिखाने के लिए कुछ सांसदों ने विरोध स्वरूप मास्क भी लगाए हुए थे। विरोध प्रदर्शन के बाद मीडिया से बात करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, 'यह सरकार की ज़िम्मेदारी है कि वह कुछ करे क्योंकि बच्चे मर रहे हैं। मेरे जैसे बूढ़े लोगों को भी मुश्किल हो रही है।' प्रर्दशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी शामिल हुए। कांग्रेस महासिचव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वायु प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक नहीं है और वे इस मुद्दे पर चर्चा और ठोस एक्शन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'वायु प्रदूषण कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। सरकार को ठोस एक्शन लेना चाहिए, हम सब इसमें साथ हैं। लोग परेशान हैं।' गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र इन दिनों खराब वायु गुणवत्ता की समस्या से जूझ रहे हैं।

इसके पीछे क्या कारण है? हम चाहते हैंकि सरकार इस पर चर्चा करे। हमें लगता है कि इसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार है, क्योंकि हमारे प्रदूषण बोर्ड इतने भ्रष्ट हैं कि उन्हें उद्योग लगाने में कोई बाधा नहीं आती। सपा सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के संसद में दिए बयान पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता उन्होंने क्या कहा। हालांकि, जिहाद का मतलब संघर्ष होता है। आज इसे जिस नजरिए से देखा जाता है, वह असल में इसका मतलब नहीं है। दुनिया ने इस शब्द को एक अलग अर्थ दे दिया है।

# 'विदेशी गणमान्यों को विपक्षी नेताओं से न मिलने को कहती है सरकार', पुतिन के दौरे से पहले राहुल का आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार अपनी 'असुरक्षा' के कारण विदेश से आने वाले गणमान्य व्यक्तियों को कहती है कि वे विपक्ष के नेता (एलओपी) से न मिलें। राहुल गांधी का यह बयान तब सामने आया है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कुछ ही घंटे बाद दो दिन के भारत दौरे पर आने वाले हैं।




लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, अब तक परंपरा रही है कि विदेश से आने वाले नेता विपक्ष के नेता से भी मिलते थे। यह (पूर्व प्रधानमंत्री) अटल बिहारी वाजपेयी और मनमोहन सिंह के समय में भी होता था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस परंपरा का पालन नहीं कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने संसद परिसर में पत्रकारों से कहा, आम तौर पर परंपरा है कि विदेश से आने वाले नेता विपक्ष के नेता से भी मिलते हैं। यह वाजपेयी जी के समय होता था, मनमोहन सिंह जी के समय भी। लेकिन इन दिनों सरकार विदेशियों से कहती है कि वे मुझसे न मिलें। विदेश जाते समय भी यही होता है। हमें संदेश मिलता है कि सरकार ने कहा है कि 'आपसे न मिलें'।

उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेता भी भारत का प्रतिनिधित्व करता है और इन बैठकों से विदेशी नेताओं को एक अलग नजरिया मिलता है। लेकिन सरकार नहीं चाहती कि विदेशी नेता विपक्ष से मिलें। उन्होंने कहा, यह परंपरा है, लेकिन मोदी जी और विदेश मंत्रालय इस परंपरा का पालन नहीं करते। जब पूछा गया कि सरकार ऐसा क्यों करती है, तो उन्होंने कहा, यह उनकी असुरक्षा के कारण है।

पुतिन आज शाम भारत पहुंचेंगे और शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर बैठक करेंगे। इस बैठक में रक्षा संबंधों को मजबूत करना, भारत-रूस व्यापार को बाहरी दबावों से सुरक्षित रखना और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

# एसआईआर पर बीजेपी को ममता बनर्जी की चेतावनी

## 'किसी भी प्रकार के दंगों की राजनीति स्वीकार नहीं करेगा मुर्शिदाबाद'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को खुले मंच से दो बड़े संदेश दिए हैं। पहला, टीएमसी विधायक हमायूं कबीर के निलंबन के बाद सांप्रदायिक राजनीति पर कड़ा रुख और दूसरा, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भाजपा पर तीखा हमला।




हमायूं कबीर को कथित तौर पर 'बाबरी मस्जिद शैली की मस्जिद' की नींव रखने की घोषणा के बाद पार्टी से निलंबित किया गया। आरोप है कि इस बयान से जिले में सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता था। निलंबन की घोषणा कोलकाता में मंत्री फिरहाद हाकिम ने जल्दबाजी में बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। उनके साथ जिले के नेता अखरुज्जमान और नियामत शेख भी मौजूद थे। हाकिम ने कहा, 'जो धर्म के नाम पर राजनीति करेगा, उसका टीएमसी में कोई स्थान नहीं।'

कुछ घंटे बाद, ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद की रैली में बिना नाम लिए कबीर पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, 'मुर्शिदाबाद दंगों की राजनीति स्वीकार नहीं करेगा। यह सरज-उद-दौला की मिट्टी है, यहां सद्भाव है। हम सांप्रदायिक राजनीति नहीं करते और न इसे सहेंगे।' उन्होंने कहा कि जिले की पहचान धार्मिक सद्भावना है और इसे किसी कीमत पर टूटने नहीं दिया जाएगा। 'इतिहास सिखाता है, विश्वास जोड़ता है और विश्वासघात बर्बाद करता है।'

वहीं बहरामपुर में दूसरी रैली में ममता बनर्जी ने एसआईआर के मुद्दे पर भाजपा पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि पार्टी 2026 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए धार्मिक ध्रुवीकरण कर रही है। उन्होंने दावा किया, 'देशभर में एसआईआर से जुड़े घटनाओं में जितने लोग मरे हैं, उनमें आधे से ज्यादा हिंदू हैं। भाजपा वही डाली काट रही है जिस पर बैठी है।' उन्होंने कहा कि बंगाल में न एनआरसी लागू होगा, न डिटेंशन कैंप बनेंगे। 'मेरी आवाज काट दी जाए, तब भी मैं एनआरसी नहीं आने दूंगी।'

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कुछ लोग धार्मिक स्थानों को लेकर झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कुछ लोग अफवाह फैला रहे हैं कि जमीन रिकॉर्ड में मस्जिद या कब्रिस्तान दर्ज हो गए हैं।

# एएसडी ने बढ़ा दी है निर्वाचन आयोग के अधिकारियों की भी टेंशन

## डिप्टी इलैक्शन कमिश्नर पहुंचे साहिबाबाद और किया वहां की स्थितियों का निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** निर्वाचन आयोग भी सबसे बड़ी विधानसभा में मतदाताओं के रेस्पॉंस को लेकर हैरान है। यहां अगर यही रफ्तार रही तो एक बड़ा झटका यहां लग सकता है। सबसे खास बात ये है कि यहां एएसडी वोटर ने अभियान की टेंशन बढ़ा दी है। खुद गुरूवार को भारत के सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गर्ग और चीफ इलेक्शन ऑफिसर नवदीप रिणवा साहिबाबाद पहुंचे।





दरअसल एएसडी वोटर तीन भागों में बांटा गया है जिसमें पहला वोटर ए यानी एबसेंट है जो मतदाता सूची पर है और मौके पर नहीं है। दूसरा वोटर एस है जो शिफ्टिंग में है और उसका पता नहीं है। तीसरा वोटर डी यानी डेड है जिसका निधन हो गया है। एक बड़ी संख्या में यहां इस तरीके के वोट हैं और प्रवासी आबादी चुनौती बन रही है। इनमें एक आबादी वो है जो उत्तरांचल और पूर्वांचल से यहां आई है। वो यहीं रहते हैं लेकिन उनका राजनीतिक लगाव अपने पैत्रक गांव से है और वो अपना वोट वहीं चाहते हैं।

गुरूवार को भारत के सीनियर डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर मनीष गर्ग और चीफ इलेक्शन ऑफिसर नवदीप रिणवा साहिबाबाद पहुंचे और उन्होंने यहां इस बात का निरीक्षण किया कि यहां इतनी हाई एएसडी क्यों आ रही है। यहां एएसडी की स्पीड 40 प्रतिशत है और ये 55 से 60 प्रतिशत तक पहुंच जायेगी। अब यहां एक उम्मीद ये है कि जब तक फार्म-6 नहीं भरा जायेगा तब तक नए मतदाता नहीं जुडेंगे और वहीं एक बड़ी चुनौती शिफ्टिंग की है। गुरूवार को बैठक के बाद निर्वाचन अधिकारी इन्दिरापुरम रेल विहार पहुंचे। यहां उन्होंने बीएलओ द्वारा किये जा रहे कामों का निरीक्षण किया। उप निर्वाचन आयुक्त ने बीएलओ से एसआईआर की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी ली। मौके पर मौजूद निर्वाचकों से भी फीडबैक लिया गया।

निर्वाचकों ने अवगत कराया कि निर्वाचन टीम द्वारा पूर्ण सहयोग के साथ कार्य किया जा रहा है। बैठक में प्राप्त एसआईआर प्रगति रिपोर्ट और स्थलीय निरीक्षण के बाद निर्वाचन आयुक्त ने जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समन्वय बनाते हुए कार्य करने से हर काम समय अन्तराल में गुणवत्तापूर्वक पूरा हो जाता है।

# घर में घुसकर 30 बदमाशों ने परिवार पर किया हमला

## पथराव-तलवारबाजी से क्षेत्र में दहशत



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर की पुरानी आबादी इलाके में देर रात उस वक्त दहशत का माहौल बन गया जब 25-30 हथियारबंद बदमाशों ने एक घर पर हमला बोल दिया। लाठी, डंडे, तलवार और कुल्हाड़ी लेकर आए बदमाशों ने पहले घर की महिला को पकड़कर पटक दिया, फिर दरवाजा तोड़ने की कोशिश की और नाकाम रहने पर जमकर पथराव शुरू कर दिया। शीशे-खिड़कियां चकनाचूर हो गईं, बाहर खड़ी बाइक-कार समेत अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है।

घटना महिला पार्क के पास की है

हमलावरों ने खुलेआम परिवार को धमकी दी कि अगर पुलिस को बुलाया तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। घटना महिला पार्क के पास की है। पीड़ित महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब 9 बजे अचानक 25-30 युवक उनके घर पहुंचे।

# मसूरी में जोरदार धमाका

## आतिशबाजी बनाने के दौरान हादसा

### एक युवक गंभीर रूप से घायल, पुलिस जांच में जुटी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मसूरी थानाक्षेत्र के एक गांव में गुरुवार शाम अचानक हुए धमाके से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घर के अंदर आतिशबाजी तैयार करने के दौरान ब्लास्ट हुआ, जिससे मकान के एक हिस्से की छत उड़ गई।

सूत्रों के मुताबिक दानिश नाम का युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जबकि घर के अन्य सदस्य मामूली रूप से घायल बताए जा रहे हैं। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई देने के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि बिना अनुमति घर में पटाखे कैसे बनाए जा रहे थे।





### घर में बन रहे थे पटाखों, पुलिस थी अनजान

**करंट क्राइम :** एनसीआर में पटाखों पर प्रतिबंध के बावजूद बताया जा रहा है कि ग्रीन पटाखों की आड़ में कई इलाकों में चोरी-छिपे आतिशबाजी तैयार किए जाने की बातें सामने आ रही हैं। मसूरी का यह हादसा सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। पुलिस ने क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है और अवैध पटाखा निर्माण से जुड़े लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। एसीपी ने कहा है कि पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

# जलवायु संकट: अगले दशकों में आम बात होगी भारी बारिश, खड़े हो सकते हैं कई संकट

**नई दिल्ली।** एक नई क्लाइमेट स्टडी में चेतावनी दी गई है कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से 2100 तक बहुत ज्यादा बारिश 41% बढ़ सकती है, जिससे अलग-अलग इलाकों में बाढ़, फसल का नुकसान, लैंडस्लाइड और शहरों में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है।






ताजा जलवायु अध्ययन ने दुनिया को आगाह किया है कि अगर ग्लोबल वार्मिंग की वर्तमान रफ्तार जारी रही तो वर्ष 2100 तक रोजाना होने वाली भारी बारिश में लगभग 41 फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है। यानी जैसी बारिश पहले कई साल में एक बार देखने को मिलती थी, वह अगले दशकों में आम बात बन सकती है। इसके असर के रूप में बाढ़, शहरी जलभराव, भूस्खलन, फसलों की बबार्दी और स्वास्थ्य संकट बड़ा रूप ले सकते हैं।

वैज्ञानिकों के अनुसार पहले उपयोग किए गए जलवायु मॉडल खतरे को कम आंकते थे, लेकिन नए हाई रिजॉल्यूशन मॉडल ने तेज बारिश का असली पैटर्न और उसकी भविष्य की गंभीरता को अधिक स्पष्ट रूप से दिखाया है। वैज्ञानिक बताते हैं कि ग्लोबल तापमान बढ़ने से हवा में नमी की मात्रा भी बढ़ जाती है। जितनी ज्यादा नमी, उतनी तेज और अचानक होने वाली बारिश। पहले बारिश पूरे मौसम में बराबर बिखरी रहती थी, लेकिन अब कम दिनों में ही बहुत ज्यादा पानी गिरने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

यही बदलाव आने वाले वर्षों में और तेज होने वाला है और भारी बारिश कई देशों में आम जलवायु वास्तविकता बन सकती है। पहले जिन जलवायु मॉडलों का इस्तेमाल किया जाता था, वे मौसम की गणना बहुत बड़े पैमाने पर करते थे, इसलिए छोटे स्तर की घटनाएं उनकी पकड़ में नहीं आती थीं। इसके कारण वे भारी बारिश के जोखिम को कम आंकते थे।

**क्षेत्रीय स्तर पर खतरे की तीव्रता और असमानता :** अत्यधिक वर्षा का असर हर जगह एक जैसा नहीं होगा। कुछ क्षेत्रों में जोखिम बहुत अधिक बढ़ेगा। उदाहरण के रूप में दक्षिणझ्र पूर्वी अमेरिका में नए मॉडल के अनुसार भारी बारिश में 12 मिलीमीटर प्रतिदिन तक की बढ़ोतरी संभव है, जबकि पुराने मॉडल इसे सिर्फ 4 मिलीमीटर प्रतिदिन बताते थे। यानी खतरा पहले की तुलना में लगभग 3 गुना अधिक है। इसी तरह अत्यधिक खतरे वाले अन्य क्षेत्र हैं दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया, पूर्वी तथा मध्य अफ्रीका और अमेरिका के तटीय इलाके। इन जगहों पर बाढ़, भूस्खलन और शहरी जलभराव की घटनाएं मौजूदा समय से कई गुना अधिक हो सकती हैं।

### किसानों और खाद्य सुरक्षा के लिए चेतावनी

अत्यधिक बारिश सिर्फ बाढ़ ही नहीं लाएगी, बल्कि खेती को भी बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। अचानक होने वाली तेज बारिश मिट्टी को बहा ले जाएगी, कटाई के समय फसलें नष्ट हो सकती हैं, और खाद्यान्न की आपूर्ति व्यवस्था में अव्यवस्था पैदा हो सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह असर 2030 के बाद तेज और 2050 के आसपास बेहद गंभीर रूप ले सकता है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शुक्रवार 05 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## अंदर ही अंदर गरमा रहा है डिप्टी मेयर के संबोधन वाले मोमेंटों का मुद्दा

## पार्षद गौरव सौलंकी बोले मैं होता तो लिखता उन्हें निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संवैधानिक पद कुछ और है और बोलचाल की भाषा में कुछ और कहा जाता है। ये राजनीति में कई बार होता है। इसमें कोई ऐसा अपवाद नहीं हैं लेकिन निगम में अपवाद या विवाद वाला सीन तब हुआ जब प्रवीण चौधरी को निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष चुना गया। जैसे ही प्रवीण चौधरी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष घोषित हुए, वैसे ही मेयर सुनीता दयाल ने मंच से माईक लेकर ये स्पष्ट कहा कि कोई भी उन्हें डिप्टी मेयर के नाम से सम्बोधित ना करे। डिप्टी मेयर का कोई पद नहीं हैं और वह निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष हैं। मेयर ने यह बात स्पष्ट की और उनकी बात को कितनी तवज्जों मिली ये अगले दिन ही स्पष्ट हो गया। प्रवीण चौधरी निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बने और उनके समर्थकों ने जो शहर में होर्डिंग लगाये उनमें उपाध्यक्ष तो लिखा लेकिन ब्रैकेट में डिप्टी मेयर भी लिखा गया। समर्थक हैं उत्साह और जोश है तो लिख सकते हैं। लेकिन आदेशों की केयर कितनी है ये निगम पार्षदों ने बताया। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने जब निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी को उनके जन्मदिन की बधाई दी तो बड़ा सा मोमेंटो इस बात का प्रतीक था कि पार्षदों ने प्रतीक चिन्ह के माध्यम से अपना संदेश दे दिया है। इस सम्मान प्रतीक पर प्रवीण चौधरी को डिप्टी मेयर लिखा गया। उनके कक्ष में डिप्टी मेयर जिंदाबाद के नारे लगे। पार्षदों ने वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर से आखिर क्या संदेश दिया है। क्या वो इस पद को फिर से जिंदा कर रहे हैं या कोई संदेश दे रहे हैं। वो पार्षद हैं तो निगम के बारे में बेहतर जानते हैं। एसोसिएशन में निगम कार्यकारिणी सदस्य भी हैं तो वो इस बात को भी बेहतर जानते हैं कि उपाध्यक्ष और डिप्टी मेयर में क्या अंतर होता है। दैनिक करंट क्राइम ने जब इस मामले में कार्यकारिणी सदस्य और निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष के लिए प्रबल


दावेदार रहे निगम पार्षद गौरव सौलंकी से बात की तो उन्होंने कहा कि बोलचाल का शब्द है और किसी को कोई आपत्ति सामान्य नहीं होनी चाहिए।

लेकिन उन्होंने यहां ये भी स्पष्ट किया कि कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर और एक पार्षद के तौर पर मैं जानता हूं कि जो संवैधानिक रूप से जो पद है वो निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद है। उन्होंने कहा कि यह कोई बड़ा मुद्दा नहीं है लेकिन अगर बात संवैधानिक रूप से है तो मैं इतना कह सकता हूं कि अगर मैं लिखता तो निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ही लिखता। कई बार कुछ शब्द बोलचाल की भाषा में लोकप्रिय होते हैं, इसमें कोई दोराय नहीं है। लेकिन जब हम उन्हें किसी भी स्थान पर लिखित रूप से अंकित करते हैं तो हमें वही पद लिखना पड़ता है जो संवैधानिक या शासकीय भाषा में है। उन्होंने ऐसे कई उदाहरण दिये और दोहराया कि संवैधानिक या निगम की शब्दावली के हिसाब से निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष का पद है। बोलचाल की भाषा में समर्थक डिप्टी मेयर भी कह देते हैं।

## भाजपा पार्षद की एसआईआर अभियान में वोट बढ़ाने को लेकर नई अदावत

## कहा, जो बीएलओ बनायेगा ज्यादा वोट उसे देंगे बीकानेर में दावत






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। एसआईआर अभियान में स्कूलों के टीचर लगे हैं, सरकार दफ्तरों के बाबू लगे हैं। मगर मतदाताओं की घटती संख्या पर वो काबू नहीं पा रहे है। इसकी वजह राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता या सरकारी दफ्तरों के बाबू नहीं हैं। बल्कि खुद मतदाता हैं। मतदाता फार्म ले तो रहे हैं लेकिन उसे रिटर्न करने में कोई रूचि नहीं दिखा रहे हैं। बीएलओ घर घर जा रहे हैं और सभी वार्डों के पार्षद भी पूरा जोर लगा रहे हैं। अभियान में तेजी आये, इसके लिए प्रशासन ने पहला कदम उठाया। उन्होंने बेहतर काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया। ये कदम इसलिए था कि मनोबल बढ़ा रहे और काम में रफ्तार आये। प्रशासन ने बीएलओ का मनोबल बढ़ाने के लिए उन्हें अलग-अलग ऑफर दिये थे। जिसमें ये ऑफर भी था कि रेडीसन होटल में ठहरने का मौका मिलेगा और इसके लिए उन्होंने फर्स्ट, सेंकेड, थर्ड रेंक भी रखी। लेकिन घटते वोटों ने सभी दलों की चिंता बढ़ा दी है। अब इस रेश्यों को बढ़ाने के लिए पार्षद भी मैदान में कूद पड़े है।

साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा पार्षद ने सभी बीएलओ को दावत का ऑफर दिया है। पार्षद चाहते हैं कि फार्म घर घर पहुंचे और फार्म फिर वापस भी आयें। ये पार्षद भाजपा के मदन राय हैं। मदन राय, राजेन्द्र नगर, वार्ड 86 से पार्षद हैं। 50प्रतिशत फार्म यहां वापस आये हैं और लोगों को दिये गये हैं।

भाजपा पार्षद मदन राय ने अभियान में जुटे बीएलओ के लिए ये स्कीम चलाई है कि जो भी बीएलओ 55प्रतिशत का टारगेट पूरा करेगा, उसे उनकी तरफ से बीकानेर रेस्टोरेंट में फुल दावत दी जायेगी। भाजपा पार्षद के इस ऑफर के बाद अब ये देखना है कि मतदाता अभियान में कितनी तेजी आती है।

सबसे खास बात ये है कि जिस मतदाता के लिए ये अभियान चल रहा है वो मतदाता तो अभियान को लेकर उदासीन है। लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और अभियान में जुटे बीएलओ इसे सफल बनाने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। वो घर घर जा रहे हैं उनके साथ पार्षद भी लगे हुए हैं। अब ये नई स्कीम है जब खुद पार्षद इस अभियान को गति देने के लिए दावत वाला पैगाम ले आये हैं। पार्षद की ये पहल अच्छी है और सवाल यहां दावत के ऑफर का नहीं, बल्कि सवाल ये है कि एक पार्षद अपने स्तर पर लोकतंत्र महोत्सव को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपनी जेब से भी खर्च करने को तैयार है। किसी भी तरह से मतदाता सूची पर मतदाता नजर आने चाहिए। इसके लिए पार्षद ने पूरी ताकत लगाई है। अब ये देखना है कि दावत वाले ऑफर के बाद बूथ लेवल अधिकारी कितनी अधिक तेजी से इस अभियान में जुटते हैं।

## जीतू शर्मा से पार्टी खफा, कब घोषित होगा अध्यक्ष युवजन सभा

## फैजल हुसैन ने कहा, एसआईआर की वजह से हो रही है घोषणा लेट







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में विधानसभा का 2027 में चुनाव होना है। चुनाव के लिए संगठन का मजबूत रहना और हर संगठन का एक्टिव मोड में बना रहना आवश्यक है लेकिन समाजवादी पार्टी में युवजन सभा जिलाध्यक्ष वाला पद लंबे समय से खाली चल रहा है। कहा जा रहा है कि या तो पार्टी वालों ने ध्यान नहीं दिया है। तो वहीं कहने वाले कह रहे हैं कि सिफारिश कई चेहरों की लेकिन नाम किसी का फाइनल नहीं हो पा रहा है। वहीं सपा पार्टी के सूत्रों की माने तो पहले बिहार चुनाव और अब एसआईआर सर्वे की वजह से इस महत्वपूर्ण पद की घोषणा नहीं हो पा रही थी। अब उम्मीद की जा रही है कि 15 दिसंबर के बाद इस दिशा में कदम उठाए जाएंगे और किसी मजबूत फेस को सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। देखना होगा कि पार्टी भविष्य के चुनाव को ध्यान में रखने हुए किसके नाम पर मोहर लगाती है।

### प्रवेश, मनोज, विकास से लेकर कई नाम लाइन में


करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन का कहना है कि बीते दिनों बिहार चुनाव और एसआईआर सर्वे की वजह से यह घोषणा नहीं हो पाई थी। उन्होंने जानकारी दी है कि लगभग एक दर्जन ऐसे पार्टी के युवा, जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ता हैं जो इस पद के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं लेकिन अभी फाइनल निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा है कि यह 15 दिसंबर के आसपास घोषणा की जा सकती है। वहीं सपा वाले सूत्र बता रहे हैं कि इन नाम में प्रवेश बसोया, पवन, विकास यादव, मनोज पंडित, देव सहित कई ओर अन्य नाम भी हैं जो इस पद की दावेदारी पेश कर रहे हैं। अब देखना होगा समाजवादी पार्टी किस पर भरोसा जताती और किसको इस रेस में विजय मिलती है।

### दिसंबर में कई और महत्वपूर्ण घोषणा भी संभव

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की ओर से दिसंबर में कई और महत्वपूर्ण अभियान शुरू किए जाने हैं। तो बताया जा रहा है कि 16 दिसंबर से पार्टी अपने स्तर से एसआईआर सर्वे के काम पर कार्यकर्ताओं से काम लेगी। तो वहीं प्रदेश वाले समाजवादी सूत्र बता रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कई और संघटनात्मक घोषणाएं की जा सकती हैं। अब देखना होगा इसमें किस विंग और किस संगठन पर महत्वपूर्ण वरीयता दी जाती है। किसको मौका मिलेगा और किसको इस बार भी वेट करना पड़ेगा।

## भाजपा के पूर्व सांसद के घर पर दी कांग्रेस के किस वैश्य नेता ने दस्तक

## गुरु जी स्वयं छोड़ने आये दरवाजे तक कांग्रेस नेता को और उन्होंने झुकाया मस्तक



**अगर कांग्रेस के वैश्य नेता ने गुरू जी के दर पर दस्तक दी है और गुरू जी के सामने मस्तक झुकाया है तो जाहिराना तौर पर कुछ तो चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि गुरू जी स्वयं कांग्रेस नेता को दरवाजे तक छोड़ने के लिए आये।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में दर और सर का बड़ा महत्व है। राजनीति में हर किसी के सामने सर नहीं झुकता है और राजनीति में हर दर पर जाया भी नहीं जाता है। कोई नेता अपने दल के नेता के यहां जाये तो ये सामान्य बात है। लेकिन अगर दूसरे दल का नेता दूसरे दल के नेता के यहां जाये तो फिर खबरें दीवारों से भी बाहर आती हैं। कहावत ये है कि दीवारों के कान होते है। मगर नई कहावत ये है कि सड़क की भी आंख होती है और जब कुछ घटित होता है तो फिर उसे सड़क भी देखती है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के पूर्व सांसद गुरू जी के यहां कांग्रेस के एक नेता का आगमन हुआ। गुरू जी राजनीति के भी गुरू हैं और उनका जलवा है। वो भले ही पूर्व सांसद हैं लेकिन उनकी राजनीति का जलवा अभूतपूर्व है। जो उन्हें जानते हैं वो बेहतर तरीके से गुरू जी की क्षमता को पहचानते हैं। गुरू जी चार बार के सांसद रहे हैं और इन दिनों गुरू जी का ग्राफ बढ़ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आये और उन्होंने कई बार पुस्तक विमोचन के मौके पर गुरू जी का नाम लिया। गुरू जी की मुख्यमंत्री स्तर पर ये नजदीकी उन्हें गाजियाबाद की सियासत का शोमैन बनाने के लिए काफी है। वो चुनाव से पहले राजनीति के ताकतवर चेहरे के रूप में सामने आये हैं। ये गुरू जी का जलवा है कि उनके यहां केवल भाजपा नेता ही नहीं बल्कि कांग्रेस वाले भी दस्तक दे रहे हैं। गुरूवार का दिन ऐसा था कि जब गुरू जी के यहां कांग्रेस के एक वैश्य नेता ने दस्तक दी। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के इस राजनीतिक चेहरे ने गुरू जी से आशीर्वाद लिया। आशीर्वाद की अवधि लंबी रही है और गुरू जी के आवास के अंदर खास मुलाकात लगभग एक घंटा 23 मिनट चली। चाय कॉफी का दौर चला और जाहिर सी बात है कि अगर राजनीतिक लोग बैठे हैं तो फिर बात भी राजनीतिक हुई होगी। इस मुलाकात के दौरान केवल गुरू और कांग्रेस के वैश्य नेता ही मौजूद नहीं थे बल्कि इस बैठक में गुरू जी के बेहद करीबी माने जाने वाले एक भगवा वैश्य नेता भी मौजूद थे। ये वैश्य नेता संगठन में कई पदों पर रहे हैं और मुखर वक्ता माने जाते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि इस मुलाकात को कराने में भाजपा के इन वैश्य नेता का भी योगदान है। बहरहाल अब अगर कांग्रेस के वैश्य नेता ने गुरू जी के दर पर दस्तक दी है और गुरू जी के सामने मस्तक झुकाया है तो झाहिराना तौर पर कुछ तो चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि गुरू जी स्वयं कांग्रेस नेता को दरवाजे तक छोड़ने के लिए आये। इस दौरान भाजपा के वैश्य नेता भी गुरू जी के साथ आये। अब इस बात के मायने तलाशे जा रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या है कि कांग्रेस वालों के कदम भाजपा वालों के यहां पड़े हैं। जब चुनावों की तैयारी हो रही है तब गुरू जी के यहां कांग्रेस वालों का आना कुछ तो संकेत दे रहा है। सियातस में क्या बिसात बिछ रही है ये भी पता चल ही जायेगा। बहरहाल अब भगवागढ़ में एक बार फिर गुरू जी का जलवा छा रहा है। वो मुख्यमंत्री से लेकर दिल्ली के बड़े दरबार तक अपनी पकड़ का एहसास करा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि गुरू जी राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं और ऐसे ही तो कांग्रेस के नेता उनके घर नहीं आये हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि ऐसे ही तो गुरू जी कांग्रेस के वैश्य नेता को अपने घर के दरवाजे तक छोड़ने नहीं आये हैं।

## देश की सबसे बड़ी विधानसभा में है 50% वोट कटने का अंदेशा

## खुद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा वार्डों में पहुंच रहे हैं लेकर ये संदेशा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान को लेकर सबसे बड़ी चुनौती देश की सबसे बड़ी विधानसभा से आई है। ये ऐसी विधानसभा है जिसे भाजपा का गढ़ माना जाता है और इस विधानसभा में भाजपा को देश में सबसे बड़ा जनादेश मिला है। ये विधानसभा साहिबाबाद है और यहां से सुनील शर्मा विधायक हैं। वो मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। इस विधानसभा में पूर्वांचल और उत्तरांचल का एक बड़ा वोट बैंक निवास करता है। यहां हाईराईज वोटर है। मगर जब एसआईआर अभियान शुरू हुआ तो सबसे बड़ी चुनौती भाजपा को इसी क्षेत्र से मिली है। सूत्र बताते हैं कि बीएलओ के पास जो अपुष्ट सूचना है वो ये है कि अगर फार्म वापस नहीं आये और इस अभियान के बाद जब गणना होगी तो मतदाता सूची से आधे वोटर साफ हो जायेंगे। यानी एसआईआर अभियान के बाद साहिबाबाद विधानसभा की मतदाता सूची पर वोटर हाफ हो जायेंगे। आलम ये है कि अब क्षेत्र के विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा खुद मैदान में आ गये हैं। उन्होंने कमान संभाली और खुद वो कई निगम वार्डों में गये। सुनील शर्मा एसआईआर अभियान की बूथ लिस्ट लेकर मैदान में आये। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बात की और ये बताया कि हमें इस बात पर ध्यान देना होगा कि लिस्ट पर कितने मतदाता मौजूद हैं और कितने फार्म वापस हुए हैं। यहां पता चला है कि एसआईआर रिवीजन में ये हो रहा है कि किसी एक बूथ पर 1200 वोट हैं और रिवीजन के बाद केवल 300फार्म वापस आये हैं। ये स्थिति लगभग हर बूथ पर चल रही है और इस स्थिति ने भाजपा के भीतर हलचल मचा दी है। क्योंकि ये एक बड़ा वोट बैंक है और इसे भाजपा का वोट बैंक माना जाता है। अगर यह वोट बैंक लिस्ट से विलोपित हो गया तो यहां राजनीतिक समीकरण बदल जायेगा। खुद कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मैदान में उतरे। वो अलग अलग क्षेत्रों में जा रहे हैं। क्योंकि हाल ही में जो रिपोर्ट आई है उसमें साहिबाबाद विधानसभा एसआईआर अभियान में सबसे पीछे चल रही है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पहले वीडियो के जरिए मतदाताओं से अपील की थी कि वो इस अभियान में मदद करें। फार्म भरें और बीएलओ को यह फार्म दें। उसके बाद उन्होंने पार्षदों को निर्देश दिया था कि वो यहां अभियान में जुटें और अब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा खुद मैदान में उतरा है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा संभवत गाजियाबाद के पहले ऐसे जनप्रतिनिधि हैं जो एसआईआर अभियान के लिए खुद मैदान में आ गये हैं।

### इन्दिरापुरम मंडल में पहुंचे और 6 निगम वार्डों में अभियान को लेकर किया वर्क हार्ड





करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अभियान की कमान संभाली है। वो इस विधानसभा के सबसे बड़े पोलीटिक्ल खिलाड़ी है। एक एक वार्ड का उन्हें पता है और एक एक बूथ की जानकारी है। यही वजह है कि वो खुद आगे आये हैं और जिम्मेदारी संभाली है। गुरूवार को वो इन्दिरापुरम मंडल पहुंचे और वहां 6 निगम वार्डों में काम किया। अब इस क्षेत्र का एक वार्ड बाकी रहा है। उसकी भी वजह यह रही कि यहां के क्षेत्रीय पार्षद अभिनव के पुत्र का दिल्ली में अस्पताल में उपचार चल रहा है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं को भी ये संदेश दिये है कि वो उस बूथ पर ध्यान दें जहां कम वोट हैं। वहां पर बीएलए-2 लगाये जायें। इसके बाद उन्होंने वसुंधरा में मीटिंग की और फिर उन्होंने तीन पार्षदों गौरव सौलंकी, शिल्पा चौधरी और नीलम भारद्वाज के साथ एसआईआर अभियान को लेकर समीक्षा की।

### मंत्री बोले शिफ्टिंग पर करना होगा फोकस और तलाशना होगा ये वोट

करंट क्राइम। सुनील शर्मा साहिबाबाद की सियासी पिच के धुरंधर खिलाड़ी हैं। वो जानते हैं कि वोट कहीं नहीं गया है और वोट शिफ्ट हुआ है। वोट विधानसभा में ही है लेकिन पता बदला है। उदाहरण के तौर पर कोई मतदाता अगर इन्दिरापुरम क्षेत्र में रह रहा है तो वो अब राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में शिफ्ट हो गया है। विधानसभा वही है और मतदाता का पता बदला है। ये शिफ्टिंग वोट है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ये कहा कि शिफ्टिंग पर ध्यान देना होगा, वोटर को तलाशना होगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर वोट कटी है तो गूगल फार्म पर उस पर नई वोट का प्रावधान रखा जाये।

### कैबिनेट मंत्री ने दिया मूल मंत्र तारीख मानकर चलो सात

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपनी विधानसभा में अब एसआईआर अभियान को लेकर फुल फार्म में आ गये हैं। उन्होंने यहां बीएलओ से लेकर कार्यकर्ताओं को मूलमंत्र दिया। उन्होंने कहा कि 11 तारीख मत देखो बल्कि 7 तारीख पर फोकस करो और पूरा जोर लगाओ। 50प्रतिशत फार्म का भी काम हुआ तो ये ठीक है।

### पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल के यहां पहुंचे कैबिनेट मंत्री

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल के यहां पहुंचे। यहां पर 40 प्रतिशत वोट कटी हैं। यहां 700 वोट हैं और 500 फार्म बटें है जबकि 200 फार्म शिफ्टिंग में हैं।

## संपादकीय

# रुपया रिकॉर्ड निचला स्तर

रुपये का रिकॉर्ड निचला स्तर निर्यातकों के लिए अच्छी खबर है, लेकिन विदेशी निवेशकों के लिए चिंता का सबब। अमेरिका के टैरिफ के बीच निर्यात सस्ता होगा, पर विदेशी पूंजी की निकासी बढ़ सकती है। अमेरिकी व्यापार समझौते और जीडीपी ग्रोथ से रुपये को सहारा मिल सकता है, जबकि आरबीआई की दर कटौती से उपभोग बढ़ेगा। रुपये का बुधवार को रेकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचना अच्छी खबर भी है और बुरी भी। अच्छी खबर इसलिए कि जब भारतीय निर्यात पर अमेरिका के 50% टैरिफ की वजह से दबाव है, तब यहां के निर्यातकों के सामान विदेशी बाजारों में सस्ते होंगे। इससे निर्यात क्षेत्र को मदद मिलेगी।

डील का इंतजार भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। ऊंचे टैरिफ की वजह से उसे किए जाने वाले निर्यात में कमी आ रही है। इसकी भरपाई करने के लिए भारत नए बाजार तलाश रहा है, जिसमें उसे कुछ हद तक कामयाबी भी मिली है। फिर भी रुपये में स्थिरता या मजबूती के लिए अमेरिका के साथ व्यापार समझौता जरूरी है। कमजोरी बढ़ेगी। रुपये में कमजोरी बुरी खबर इसलिए है क्योंकि भारतीय बाजार से विदेशी निवेशक लगातार पैसा निकाल रहे हैं। रुपये में कमजोरी से उनका मुनाफा घटता है क्योंकि वे इसे डॉलर में बदलते हैं। रुपये में गिरावट होने पर उसकी एवज में उन्हें कम डॉलर मिलते हैं। इसलिए भारतीय मुद्रा में कमजोरी से यह सिलसिला और तेज हो सकता है। बंधे हैं हाथ आम तौर पर रिजर्व बैंक मुद्रा बाजार में रुपये को एक स्तर के आसपास बनाए रखने के लिए दखल देता है। इधर भी उसने ऐसा किया, लेकिन अभी विदेशी निवेशकों की बिकवाली की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव है। इसलिए वह मुद्रा को स्थिर बनाए रखने के लिए बहुत दखल नहीं दे सकता।

वर पर नजरें फिर अमेरिका में व्याज दरों में कटौती की आशा से डॉलर मजबूत हो रहा है। इसने भी रुपये की दिक्कत बढ़ाई है। इस पूरे साल में डॉलर की तुलना में रुपया 4.7% गिरा है। भारतीय मुद्रा को अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से सहारा मिल सकता है। लेकिन यह डील कब होगी, इसे लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

ग्रोथ का सहारा अमेरिका के साथ ट्रेड डील और मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में GDP ग्रोथ तेज बनी रही तो विदेशी निवेशक फिर से निवेश शुरू कर सकते हैं। इससे रुपये में रिकवरी हो सकती है। इससे निर्यात क्षेत्र को भी फायदा होगा, जिसका प्रदर्शन पिछले कुछ वित्त वर्षों में अच्छा रहा है।

दरों में कटौती की संभावना। RBI की मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की बुधवार से बैठक शुरू हुई है, जिसमें दरों में कटौती की संभावना है। हालांकि, इससे भारतीय मुद्रा पर दबाव बनने की आशंका है। मगर यह भी सही है कि दरों में कटौती से कंजम्पशन (उपभोग) को और बढ़ावा मिलेगा।

# हल्की बढ़त के साथ बाजार हरे निशान में निफ्टी ने दोबारा 26,000 का स्तर छुआ



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 158.51 अंक उछलकर 85,265.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 47.75 अंक की बढ़त के साथ 26,033.75 पर बंद हुआ।

चार दिन की गिरावट के बाद गुरुवार को प्रौद्योगिकी और आईटी शेयरों में लिवाली से बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 158.51 अंक या 0.19 प्रतिशत चढ़कर 85,265.32 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 380.4 अंक या 0.44 प्रतिशत बढ़कर 85,487.21 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 47.75 अंक या 0.18 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 26,033.75 पर बंद हुआ। बुधवार तक लगातार चार सत्रों में सेंसेक्स लगभग 613 अंक या 0.72 प्रतिशत गिरा, जबकि निफ्टी लगभग 230 अंक या 0.8 प्रतिशत टूटा।

अमेरिकी डॉलर सूचकांक में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप की खबरों के कारण गुरुवार को रुपया अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर से उबरकर 19 पैसे मजबूत होकर 89.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### एशियाई बाजारों का रहा मिला-जुला हाल

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक नीचे बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक सकारात्मक क्षेत्र में बंद हुआ। यूरोप के शेयर बाजारों में बढ़त देखी गई। बुधवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़त के साथ बंद हुए।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 62.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.38 प्रतिशत बढ़कर 62.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 3,206.92 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 4,730.41 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बुधवार को सेंसेक्स 31.46 अंक या 0.04 प्रतिशत गिरकर 85,106.81 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 46.20 अंक या 0.18 प्रतिशत गिरकर 25,986 पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, सन फार्मा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और ट्रेंट प्रमुख लाभ में रहे। वहीं, मारुति, इटर्नल, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन पिछड़ने वालों में शामिल रहे।

# आरबीआई में दरें स्थिर रहने की उम्मीद
## महंगाई 2% से नीचे–कटौती की गुंजाइश कम

**नई दिल्ली।** यस बैंक की रिपोर्ट का अनुमान है कि आरबीआई दिसंबर एमपीसी बैठक में रेपो दर को 5.5% पर स्थिर रखेगा, क्योंकि दर कटौती की गुंजाइश सीमित है। रिपोर्ट के अनुसार, खुदरा महंगाई 2% से नीचे है, जबकि दूसरी तिमाही में 8.2% रही। मांग में संभावित सुस्ती, पूंजीगत खर्च में कमी और रुपये पर दबाव जैसे कारकों के चलते दरों में बदलाव की संभावना कम मानी गई है।




आरबीआई इस महीने की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत रेपो दर को 5.5% पर अपरिवर्तित रखेगा। यस बैंक की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, दरों में कटौती की गुंजाइश बेहद सीमित है, जिससे नीति निर्णय 'टच-एंड-गो' स्थिति में बना हुआ है। इसमें कहा गया है कि हम उम्मीद करते हैं कि आरबीआई दिसंबर में रुकावट बनाए रखेगा और न तो दरों में बदलाव करेगा और न ही अपने रुख में परिवर्तन करेगा।

### खुदरा महंगाई अपने निम्न स्तर पर बनी हुई है

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि खुदरा महंगाई लगातार 2 प्रतिशत से नीचे बनी हुई है और अगले 3 से 4 महीनों तक निम्न स्तर पर रहने की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर, भारत की आर्थिक वृद्धि अपेक्षाओं से बेहतर प्रदर्शन कर रही है, जिससे नीति पर तत्काल नरमी की संभावना घटती है।

### जीडीपी दर दूसरी तिमाही में 8.2 प्रतिशत रही

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही और अक्तूबर के उच्च आवृत्ति आंकड़ों ने भी स्थिर विस्तार का संकेत दिया।

# भारत—कनाडा व्यापार संबंधों को नई गति, सीईपीए वार्ता पर सहमति

**नई दिल्ली।** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा के व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू से मुलाकात कर द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने पर चर्चा की। बैठक में दोनों देशों के बीच सीईपीए (व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता) वार्ता की तैयारी, इसके ढांचे और उद्देश्यों पर सहमति बनी। गोयल ने घोषणा की कि नए साल में वे कनाडा में एक उच्च-स्तरीय व्यापार और निवेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।



केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडाई समकक्ष मनिंदर सिद्धू के साथ व्यापार संबंधों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने नए साल में कनाडा में एक उच्च स्तरीय व्यापार और निवेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने की घोषणा की। गोयल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने कनाडा के साथ व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए मंत्री सिद्धू के साथ उपयोगी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने सीईपीए वार्ता शुरू करने की तैयारियों के तहत समग्र दृष्टिकोण, रूपरेखा, बड़े उद्देश्यों और तौर-तरीकों पर प्रारंभिक रूपरेखा और व्यापक चर्चा की। साथ ही, नए साल में कनाडा में एक उच्च-स्तरीय व्यापार और निवेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने पर भी सहमति व्यक्त की । उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और अगली पीढ़ी के डेटा सेंटर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों में मजबूत लाभ प्रदान करता है।

### भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार में आ रही है तेजी

यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार में तेजी जारी है। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के अनुसार, वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 23.66 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसमें व्यापारिक व्यापार का मूल्य लगभग 8.98 अरब डॉलर था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि दशार्ता है।

### आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में कनाडा के साथ सहयोग की संभावनाएं

इससे पहले, 24 नवंबर को नई दिल्ली में इंडो-कैनेडियन बिजनेस चैंबर को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा था कि भारत महत्वपूर्ण खनिजों, खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों, स्वच्छ ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में कनाडा के साथ सहयोग की काफी संभावनाएं देखता है ।

# इंडिगो में भारी संकट: क्रू की कमी और नए नियमों से तीन दिन में 300+ उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो बीते कुछ दिनों से गंभीर परिचालन संकट से जूझ रही है। एयरलाइन को क्रू की भारी कमी और डीजीसीए के नए फ्लाइट ड्यूटी नियमों (एफडीटीएल) के चलते दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू जैसे प्रमुख हवाई अड्डों पर लगातार तीसरे दिन 300 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी है। लोकल सर्किल्स के एक हालिया सर्वे ने एयरलाइन की गिरती सेवाओं की पोल खोली है, जिसके अनुसार पिछले 12 महीनों में 54% यात्रियों को उड़ानों में देरी और स्टाफ के खराब व्यवहार का सामना करना पड़ा है। रिपोर्ट में और क्या दावे हैं।



देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइन इंडिगो में परिचालन संकट लगातार तीसरे दिन जारी है। गुरुवार को देश के तीन बड़े हवाई अड्डों दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू में इंडिगो की 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। दिन खत्म होने तक रद्द उड़ानों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। जानकारों के अनुसार, इंडिगो एयरलाइन क्रू के कमी और डीजीसीए के नए फ्लाइट ड्यूटी नियमों के कारण परेशानियों से जूझ रही है। अब एक सर्वे में कुछ ऐसे दावे किए गए हैं, जो एयरलाइन की जमीनी हकीकत बयां कर रहे हैं।

नाराज यात्रियों की शिकायत-एयरलाइन बदले अपना टैगलाइन 'ऑन टाइम इज वनडरफुल' कम्यूनिटी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लोकल सर्किल्स ने अपनी एक रिपोर्ट में चौंकाने वाले दावे किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 12 महीनों में इंडिगो से उड़ान भरने वाले 54% यात्रियों उड़ानों में देरी के कारण परेशानी झेलनी पड़ी।

### 4 दिसंबर को इंडिगो की 300 से अधिक उड़ानें रद्द

अकेले 3 दिसंबर को 200 से ज्यदा उड़ानें रद्द होने की सूचना मिली। 4 दिसंबर को भी दोपहर तक ही 300 से अधिक उड़ान रद्द किए गए। नियामकीय आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में इंडिगो ने 1,232 उड़ानें रद्द कीं। रद्द की गई उड़ानों के अलावा, इंडिगो को हाल ही में अपनी धीमी सेवाओं, उड़ानों में देरी और यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार के लिए भी कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर साझा की गई कुछ शिकायतों के अनुसार, यात्रियों से लगातार धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करने की अपेक्षा की गई, लेकिन कर्मचारियों का यात्रियों के साथ व्यवहार सही नहीं रहा।

### दूसरी तिमाही में इंडिगो ने 2582 करोड़ रुपये के घाटे की दी जानकारी

इंडिगो को वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 2,582 करोड़ रुपये का भारी घाटा हुआ है, जो पिछली तिमाही (अप्रैल-जून) में दर्ज किए गए 2,176 करोड़ रुपये के मुनाफे के बिल्कुल विपरीत है। एयरलाइन के अनुसार, इस नुकसान का कारण मुद्रा बाजार में जारी उतार-चढ़ाव को बताया है। इसके चलते एयरलाइन को करीब 2,892 करोड़ रुपये का भारी 'फॉरेक्स लॉस' (विदेशी मुद्रा घाटा) झेलना पड़ा है, जो पिछले साल इसी अवधि में केवल 241 करोड़ रुपये था। एयरलाइन के अनुसार अगर यह स्थिति नहीं होती तो कंपनी 104 करोड़ रुपये के मुनाफे में होती।

एअरलाइन से सफर करने वाले 54% यात्रियों ने स्टाफ के रवैये और शिष्टाचार से जुड़ी समस्याओं का अनुभव साझा किया। 12 महीनों में 45% यात्रियों ने बताया कि सूचना की समयबद्धता और पारदर्शिता की कमी के कारण उन्हें परेशानी हुई। कुछ यात्रियों ने एयरलाइन को सलाह देते हुए कि उन्हें अपनी टैगलाइन 'ऑन टाइम इज वनडरफुल' बदल लेनी चाहिए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कुत्ते के सूंघने की क्षमता इंसान से 1000 गुना ज्यादा होती है।
- विश्व की सबसे भारी धातु ऑस्मियम है। इसकी 2 फुट लंबी, चौड़ी व ऊँची सिल्ली का वजन एक हाथी के बराबर होता है।
- पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के लिए राकेट को 7 माइल्स प्रति सेकंड से जाना पड़ता है।
- लाइट की गति से भी हमे अपने पास वाली गैलेक्सी एंड्रोमेडा में जाने के लिए 2 मिलियन वर्ष लगेंगे।
- 2000 किलोमीटर दूर ग्रेड बैरियर रीफ धरती की सबसे बड़ी जीवित संरचना है।
- दुनिया में समुद्र में सबसे ज्यादा गहराई मरिआना ट्रेंच में है जो पेसिफिक समुद्र में है। इसकी गहराई 35,797 फीट है।
- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- साल्मोन रिच युक्त कम कोलेस्ट्रोल डाइट लेने से दिल की बिमारियाँ कम होती है।
- जब पानी से बर्फ बन रही होती तो लगभग 10% पानी तो उड़ ही जाता है। इसलिए ही हमारे फ्रिज में पानी जमा हो जाता है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

एक आदमी छोटा जूता पहनकर जा रहा था
चुन्नू: अंकल जी, जूता कहां से लिया है?
आदमी (चिढ़ते हुए): पेड़ से तोड़ा है
चुन्नू: तोड़ना ही था तो 2 महीने बाद तोड़ते, कुछ बड़ा हो जाता।

इंटरवल के बाद अंधेरे में अपनी सीट की ओर लौटती महिला ने कोने वाली सीट पर बैठे व्यक्ति से पूछा- भाई साहब, क्या बाहर जाते समय मैंने गलती से आपका पैर कुचल दिया था?
दर्शक (गुस्से में) - हां, कुचला था, अब क्या माफी मांग रही हो?
महिला - माफी वाफी नहीं, मेरी सीट इसी लाइन में है।

सोनू फिजिक्स का एग्जाम देने गया, पेपर में सवाल पूछा गया...
सवाल- कौन सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
सोनू का जवाब- बेसन के पकौड़े

## 05 12 2025 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन



सेलेब्रिटी जन्मदिन: पायल राजपूत (अभिनेत्री)

अयांश, संध्या त्यागी, संजीव मित्तल, निग्रह आर्य, डा. निर्देश कुमार, पदम सिंह, राहुल शर्मा, अतुल गोयल, सतीश कुशवाह, हरिओम शर्मा, हरीश गोस्वामी, अरविंद शर्मा, रविन्द्र सिंह, अमित पंवार, रमन भारद्वाज, मोनू पंडित, जुल्फिकार अली, निशांत शिशौदिया, अतुल गुप्ता, गिरिश तिवारी, राहुल राणा, रिंकु जाटव, विनित राय, हर्षित शर्मा, मनीष चड्डा, फैसल अल्वी, मनोज कपिल, सौरभ बैसला

सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email: currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक: मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक: राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क: के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 53 शतक और 34 वेन्यू केवल भारत ही नहीं, श्रीलंका-बांग्लादेश में भी

# विराट का कद हुआ तेंदुलकर के बराबर

**भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली भले ही अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने साबित किया है कि रन बनाने की भूख अब भी उनमें बाकी है। कोहली वनडे में 53 शतक लगा चुके हैं। आइए जानते हैं कि कोहली ने दुनिया के किन वेन्यू पर कितने शतक लगाए हैं।**



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शतक लगा चुके हैं। 2027 वनडे विश्व कप में खेलने के लिए प्रयासरत कोहली ने लगातार दो शतक लगाकर साबित कर दिया है उनके अंदर रन बनाने की भूख अभी भी बाकी है। कोहली अब तक वनडे में 53 शतक लगा चुके हैं और वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी एक प्रारूप में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं।

**रायपुर में दिखा कोहली का पुराना अंदाज**

कोहली अपने पुराने रंग में नजर आ रहे हैं। कोहली ने इससे पहले रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी और फिर रायपुर में भी उन्होंने इस फॉर्म में जारी रखते हुए शतक लगाया। कोहली का यह वनडे में 53वां और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुल 84वां शतक है। कोहली वनडे में शतक लगाने के मामले में सभी से काफी आगे निकल गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है जिन्होंने 100 शतक लगाए हैं। कोहली दूसरे मैच में 93 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 102 रन बनाकर आउट हुए।

**सबसे आगे निकले कोहली**

कोहली ने 11वीं बार वनडे में लगातार दो शतक लगाए हैं और वह इस मामले में सभी से काफी आगे हैं। भारत ही क्या अन्य कोई भी देश का बल्लेबाज इस मामले में उनके करीब भी नहीं है। दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स हैं जिन्होंने वनडे में छह बार लगातार दो शतक लगाए हैं। कोहली का दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह वनडे में लगातार तीसरा शतक है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में नाबाद 101 रन बनाए थे। इसके बाद रांची में 135 रन और अब 102 रनों की पारी खेली।

### सचिन की बराबरी पर पहुंचे विराट

कोहली ने वनडे में 34 वेन्यू पर शतक लगाए हैं। उन्होंने इस मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की बराबरी कर ली है। सचिन ने भी वनडे में 34 अलग-अलग स्थानों पर शतक जड़े हैं जो किसी बल्लेबाज द्वारा इस प्रारूप में सर्वाधिक है। अब कोहली भी उनके साथ इस सूची में शीर्ष पर काबिज हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि कोहली ने भारत नहीं, बांग्लादेश और श्रीलंका के दो शहरों में सबसे ज्यादा शतक जड़े हैं।

### दुनिया के 34 स्थानों पर कोहली ने जड़े शतक

कोहली के 53 वनडे शतक दुनिया के 34 वेन्यू पर आए हैं। कोहली ने वनडे में सबसे ज्यादा शतक कोलंबो और मीरपुर में लगाए हैं। उन्होंने इन दो शहरों में चार-चार वनडे शतक लगाए हैं। वहीं, विशाखात्तनम, रांची, पुणे और पोर्ट ऑफ स्पेन में कोहली के बल्ले से वनडे में तीन-तीन शतक निकले हैं। इसके अलावा एडिलेड, गुवाहाटी, कोलकाता, नागपुर और मुंबई में विराट ने दो-दो शतक लगाए हैं। इतना ही नहीं कोहली ने दिल्ली, होबार्ट, चटगांव, दुबई, कानपुर, तिरुवनंतपुरम, हरारे, धर्मशाला, मोहाली, डरबन, चेन्नई, हम्बनटोटा, कैनबरा, नैपियर, मेलबर्न, गुवाहाटी (नेहरू स्टेडियम), केपटाउन, किंगस्टन, जयपुर, फतुल्लाह, कार्डिफ, सेंचुरियन और रायपुर में उन्होंने एक-एक वनडे शतक लगाया है।



## अर्जुन एरिगेसी यरूशलम मास्टर्स के विजेता बने

### विश्वनाथन आनंद को हराकर जीता खिताब

**यरूशलम।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी यरूशलम मास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट के विजेता बनकर उभरे हैं। एरिगेसी ने फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और विश्वनाथन आनंद को हरायाष

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यरूशलम मास्टर्स शतरंज टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। एरिगेसी ने फाइनल में पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को हराया और विजेता बनने में सफल रहे। इन दोनों खिलाड़ियों ने शुरूआती रैपिड गेम ड्रॉ किए। इसके बाद एरिगेसी ने पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक मैच में सफेद मोहरों से जीत हासिल कर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली।

**एरिगेसी बोले- आसान नहीं थी जीत:** 22 वर्षीय एरिगेसी दूसरे ब्लिट्ज मुकाबले में भी जीत हासिल करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, लेकिन यह उनके लिए 2.5-1.5 से मुकाबला और खिताब जीतने के लिए पर्याप्त था। एरिगेसी ने बाद में कहा, यह जीत आसान नहीं थी। इसके बावजूद खिताब हासिल करके मैं बहुत खुश हूं। आज के दोनों मुकाबले (पीटर स्विडलर और फिर आनंद के खिलाफ) काफी तनावपूर्ण रहे। आनंद सर के खिलाफ पहले गेम में हम दोनों ने मौके गंवाए। लेकिन मुझे लगता है कि ब्लिट्ज में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। एरिगेसी ने सेमीफाइनल में रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर को, जबकि आनंद ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियन इयान नेपोमनियाची को हराया था।



## 'वो रोहित-कोहली का भविष्य तय कर रहे, जिन्होंने खुद कुछ हासिल नहीं किया'; भज्जी के निशाने पर कौन?

**नई दिल्ली।** विराट कोहली और रोहित शर्मा के बीच वनडे भविष्य को लेकर लगातार चर्चा जारी है, लेकिन पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने उन लोगों पर निशाना साधा है जो रोहित शर्मा और विराट कोहली के भविष्य पर चर्चा कर रहे हैं। हरभजन का कहना है कि दुर्भाग्य यह है कि वो लोग इन दो दिग्गजों का भविष्य तय कर रहे हैं जिन्होंने खुद कुछ हासिल नहीं किया है। 38 साल के रोहित और 37 साल के कोहली भारत के लिए अब सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेल रहे हैं और इस बात पर लगातार चर्चा चल रही है कि ये दोनों बल्लेबाज 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेल सकेंगे या नहीं।

**विश्व कप टीम में जगह पक्की करने पर नजर**

भारतीय टीम के मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर रोहित और कोहली के विश्व कप में खेलने को लेकर स्पष्ट नहीं है। इससे यह संकेत मिल रहे हैं कि इन दोनों को विश्व कप टीम में जगह पक्की करने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। रोहित और कोहली हालांकि, अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं और इन्होंने अपना दावा मजबूत किया है।

हरभजन ने कहा, यह मेरी समझ से परे है। मैं शायद इसका जवाब न दे पाऊं क्योंकि मैं खुद एक खिलाड़ी रहा हूं और जो मैंने देखा है, वह मेरे साथ भी हुआ है। मेरे कई साथियों के साथ ऐसा हुआ है, लेकिन यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह थोड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे लोग इनके भविष्य के बारे में फैसला ले रहे हैं जिन्होंने कुछ खास हासिल नहीं किया है।

**शानदार फॉर्म में चल रहे हैं रोहित-कोहली**

वनडे विश्व कप में अभी समय है, लेकिन हरभजन ने रोहित और कोहली को विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में रहने और अगली पीढ़ी के लिए मानक स्थापित करने का समर्थन किया है।



## दूसरे वनडे में हार के बाद राहुल ने टॉस को बताया अहम

### डेथ ओवरों में अधिक रन नहीं बनाना पड़ा महंगा

**रायपुर।** भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे मैच में हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इस मैच में विशाल स्कोर बनाया था, लेकिन उसके गेंदबाज 359 रन का बचाव नहीं कर पाए थे। अब कप्तान केएल राहुल ने इस हार के लिए टॉस और ओस को जिम्मेदार ठहराया है।

भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने इस बात को स्वीकार किया डेथ ओवरों में अधिक रन नहीं बनाना भारत को महंगा पड़ा, लेकिन उनका मानना है कि टॉस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में अहम भूमिका निभाई। राहुल ने इसका दोष टॉस के साथ ही ओस को भी दिया जिस कारण भारतीय गेंदबाज बड़े लक्ष्य का बचाव नहीं कर सके।

**दक्षिण अफ्रीका ने भारत को हराया**

दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे वनडे में भारत को चार विकेट से हराया। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने विराट कोहली और ऋतुराज गायकवाड़ के शतकों की मदद से 50 ओवर में पांच विकेट पर 358 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम ने एडेन मार्करम के शतक और मैथ्यू ब्रिट्जके तथा डेवाल्ड ब्रेविस के अर्धशतकों की सहायता से 49.2 ओवर में छह विकेट खोकर 362 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ मेहमानों ने भारत से तीन वनडे मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली। अब दोनों टीमें छह दिसंबर को विशाखापत्तनम में आखिरी और निर्णायक मुकाबले में आमने-सामने होंगी।

**हार के लिए ओस को ठहराया जिम्मेदार**

केएल राहुल ने कहा, यहां काफी ज्यादा ओस थी जिस कारण दूसरी पारी में गेंदबाजी करना काफी कठिन था। हमने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन इस मैच में अंपायर गेंद बदल रहे थे। टॉस ने मैच में बड़ी भूमिका निभाई।

बल्ले से 350 रन का स्कोर अच्छा था, लेकिन ड्रेसिंग रूम में इस बात पर चर्चा हुई थी कि किस तरह हम 20-25 रन अतिरिक्त बनाए जिससे गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिले।



## साउथ अफ्रीका ने तीसरी बार हासिल किया 350 प्लस का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच रायपुर वनडे में कई शानदार रिकॉर्ड बने हैं। साउथ अफ्रीका की टीम ने 359 रन का रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करते हुए कई बड़े मुकाम हासिल किए। साउथ अफ्रीका की भारत में ही नहीं बल्कि विदेशी सरजमीं पर सबसे बड़ी जीत है।

साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ रायपुर वनडे में 359 रन का लक्ष्य हासिल करते हुए रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। इस टीम ने अपने वनडे इतिहास में तीसरी बार 350 प्लस का लक्ष्य हासिल किया। ऐसा करते हुए प्रोटियाज ने भारत और इंग्लैंड के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। इतना ही नहीं विदेशी सरजमीं पर भी साउथ अफ्रीका की यह सबसे बड़ी जीत थी। वहीं भारत में साउथ अफ्रीका का यह सबसे सफल चेज था और ओवरऑल भारतीय सरजमीं पर हासिल किया जाने वाला दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य था। साउथ अफ्रीका की टीम ने इस जीत के साथ किसी भी टीम के विदेश में सबसे बड़े लक्ष्य हासिल करने की लिस्ट में भी चौथे स्थान पर जगह बना ली है। इस मामले में नीदरलैंड की टीम टॉप पर है।



### भारत में सबसे सफल ODI रन चेज

भारत- 360 रन बनाम ऑस्ट्रेलिया, जयपुर, 2013
ऑस्ट्रेलिया- 359 बनाम भारत, मोहाली, 2019
साउथ अफ्रीका- 359 बनाम भारत, रायपुर, 2025
भारत- 351 बनाम ऑस्ट्रेलिया, नागपुर, 2013
भारत- 351 बनाम इंग्लैंड, पुणे, 2017

विदेश में वनडे के सबसे सफल रन चेज
नीदरलैंड- 370 बनाम स्कॉटलैंड, डुंडी, 2025
इंग्लैंड- 361 बनाम वेस्टइंडीज, ब्रिजटाउन, 2019
ऑस्ट्रेलिया- 359 बनाम भारत, मोहाली, 2019
साउथ अफ्रीका- 359 बनाम भारत, रायपुर, 2019
ऑस्ट्रेलिया- 352 बनाम इंग्लैंड, लाहौर, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी

**आंकड़ों से साफ है कि साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इससे पहले भारत में सबसे सफल रन चेज किसी विदेशी टीम ने जो किया था वो 359 ऑस्ट्रेलिया का था। अब साउथ अफ्रीका ने भी ऑस्ट्रेलिया के इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। वहीं विदेश में सबसे बड़ी वनडे जीत के मामले में साउथ अफ्रीका चौथे स्थान पर आ गई है।**

## न्यूजीलैंड के टिम साउदी ने Ro-Ko के विश्व कप में खेलने का समर्थन किया

**विराट कोहली और रोहित शर्मा की नजरें 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने पर टिकी हुई हैं। अब न्यूजीलैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी ने भी इन दोनों के इस वैश्विक टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का समर्थन किया है। साउदी का मानना है कि उम्र महज एक संख्या है।**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के दो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली भले ही शानदार फॉर्म में चल रहे हैं, लेकिन उनके भविष्य को लेकर लगातार अटकलों का बाजार गर्म है। रोहित और कोहली फिलहाल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का हिस्सा हैं। इन दोनों की नजरें 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने पर टिकी हुई हैं। अब न्यूजीलैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी ने भी रोहित-कोहली के इस वैश्विक टूनार्मेंट में खेलने का समर्थन किया है।

**पुराने रंग में दिख रहे हैं कोहली**

कोहली अपने पुराने रंग में नजर आ रहे हैं और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लगातार दो मैचों में शतक लगाए हैं। रोहित भले ही बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान यह साबित किया था कि उनमें रन बनाने की भूख अभी बाकी है। ये दोनों ही बल्लेबाज अब सिर्फ भारत के लिए वनडे प्रारूप में खेलते हैं। अब साउदी भी चाहते हैं रोहित-कोहली 2027 में वनडे विश्व कप में हिस्सा लें। 2027 विश्व कप में दोनों बल्लेबाज लगभग 39 साल के होंगे इसलिए उनके भविष्य को लेकर चर्चा लगातार जारी है।

**साउदी ने कोहली को बताया वनडे का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज**

साउदी ने कहा, कोहली शायद अब तक के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज हैं और अगर वह अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं तो क्यों नहीं।

रोहित ने भी हाल में ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाया है तो वे दोनों अब भी प्रदर्शन कर रहे हैं। जब तक वे टीम के लिए योगदान दे रहे हैं, तब तक मेरी राय में उम्र महज एक संख्या है। ये उनका निर्णय है। अगर उन्हें लगता है कि वे अब भी उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए जरूरी सभी चीजें कर सकते हैं तो क्यों नहीं। जैसा मैंने कहा कि आपके पास विराट कोहली हैं जो शायद अब तक के सर्वश्रेष्ठ वनडे बल्लेबाज हैं और अगर वह वनडे विश्व कप के लिए उपलब्ध हैं तो मुझे लगता है कि टीम उन्हें खेलते देखना चाहेगी।



### घरेलू जमीन पर भारत की टेस्ट हार से ज्यादा चिंतित नहीं साउदी

भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 25 वर्षों में पहली बार अपने घरेलू मैदान पर टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास ने भारतीय क्रिकेट में बदलाव के दौर की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। साउदी ने भारत की हार को अधिक गंभीर रूप में नहीं देखा। उन्होंने कहा, भारत का बहुत अनुभव कम हो गया है। अब वे फिर से टीम बनाने के चरण में हैं। जब हम वहां गए थे तब उनके पास बहुत अनुभव वाली टीम थी। लेकिन जब आप रोहित, अश्विन, कोहली को हटा देते हैं, तो इन तीनों बहुत अनुभव और जानकारी थी। इसलिए मेरे हिसाब से अब अन्य खिलाड़ियों के लिए विकास का समय है। यह शायद उनके लिए सिर्फ एक बदलाव का दौर है।

## ब्रिसबेन टेस्ट में चमके मिचेल स्टार्क, शानदार गेंदबाजी कर बनाया बड़ा रिकॉर्ड



### टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज

| गेंदबाज | देश | विकेट |
|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | ऑस्ट्रेलिया | 415* |
| वसीम अकरम | पाकिस्तान | 414 |
| चामिंडा वास | श्रीलंका | 355 |
| ट्रेंट बोल्ट | न्यूजीलैंड | 317 |
| जहीर खान | भारत | 311 |

**ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने एशेज सीरीज के पहले मैच में दमदार प्रदर्शन किया था और अब दूसरे टेस्ट में भी स्टार्क ने इंग्लैंड को शुरूआती झटके दिए। इसके साथ ही वह टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बन गए हैं।**

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ एशेज टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के गाबा में पांच मैचों की एशेज टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। यह दिन-रात्रि टेस्ट है। इस मैच में स्टार्क ने एक बार फिर अपना जलवा बिखेरा और वह ऑस्ट्रेलिया को सफलता दिलाने में सफल रहे हैं।

**इंग्लैंड ने जीता टॉस**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे एशेज टेस्ट मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। स्टोक्स ने टॉस के दौरान बताया कि यहां की परिस्थितियां अलग है इसलिए वह पहले बल्लेबाजी करना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम में नाथन लियोन की जगह माइकल नेसर और उस्मान ख्वाजा की जगह जोश इंग्लिस को प्लेइंग-11 में जगह दी गई है।

**स्टार्क ने दिए शुरूआती झटके**

ऑस्ट्रेलिया को एक बार फिर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शानदार शुरूआत दिलाई। स्टार्क ने इंग्लैंड को शुरूआती झटके दिए। इंग्लैंड की ओर से जैक क्रावले और बेन डकेट पारी की शुरूआत करने उतरे, लेकिन स्टार्क ने पहले ही ओवर में टीम को सफलता दिलाई। डकेट खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद नए बल्लेबाज के रूप में उतरे ओली पोप भी तीन गेंद खेलकर खाता खोले बिना आउट हो गए। जैक क्रावले और जो रूट ने शुरूआती झटकों के बाद इंग्लैंड की पारी को संभाला। दूसरे सत्र में माइकल नेसर ने क्रावले और रूट के बीच साझेदारी को तोड़ दिया। मिचेल स्टार्क ने ब्रूक को अपना शिकार बनाया।

**ब्रूक का विकेट लेते ही शीर्ष पर पहुंचे स्टार्क**

ब्रूक का विकेट लेते ही स्टार्क ने टेस्ट क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली। स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बन गए।

### मैच का हाल

मैच की बात करें तो शुरूआती झटके के बाद रूट और क्रावले ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। क्रावले और रूट ने तीसरे विकेट के लिए 117 रनों की साझेदारी की। क्रावले 93 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए जिससे इस साझेदारी का अंत हुआ। वहीं, रूट ने भी अर्धशतक लगाया।

## इलायची के खेतों में मजदूरी करने वाला बना केआईयूजी ट्रैक चैंपियन

**इडुक्की।** केरल के इडुक्की जिले में इलायची के खेतों में मजदूरी करने वाला एक साधारण लड़का आज देश का उभरता हर्डल स्टार बन चुका है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में 110 मीटर हर्डल्स में 14.32 सेकंड का नया रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीतने वाले शिंटोमोन की यह कहानी संघर्ष, मेहनत और सपनों की जीत की मिसाल है।

महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी के सीबी शिंटोमोन ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में पुरुष 110 मीटर हर्डल्स का स्वर्ण पदक जीता।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में बुधवार तीन दिसंबर 2025 को जब पुरुषों की 110 मीटर हर्डल्स (बाधा दौड़) के फाइनल के लिए सीबी शिंटोमोन ट्रैक पर उतरे तो जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में बैठे अधिकांश लोगों को पता नहीं था कि इस एथलीट का सफर कितना मुश्किल भरा रहा है।



23 वर्षीय शिंटोमोन ने 2021 तक कभी सिंथेटिक ट्रैक पर दौड़ ही नहीं लगाई थी। उनका जीवन पढ़ाई, स्कूल स्तर तक के फुटबॉल मुकाबलों और छुट्टियों में केरल के इडुक्की जिले में एरट्टयार स्थित इलायची (कार्डमम) के खेतों में मजदूरी तक सीमित था। शिंटोमोन की किस्मत का मोड़ एक साधारण से फुटबॉल मैच के दौरान आया, जब केरल स्पोर्ट्स काउंसिल अकादमी के कोच बैजू जोसेफ की नजर उनकी मजबूत कद-काठी और दमदार फिटनेस पर पड़ी। बैजू जोसेफ ने शिंटोमोन को एथलेटिक्स अपनाने के लिए प्रेरित किया।

शिंटोमोन ने शुरूआत में 400 मीटर दौड़ और ऊंची कूद में हाथ आजमाया, लेकिन असली पहचान 110 मीटर हर्डल्स में हासिल की। महज दो साल में शिंटोमोन की प्रगति चौंकाने वाली रही। शिंटोमोन ने [illegible] 2025 में 100 मीटर हर्डल्स के फाइनल में महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

शिंटोमोन ने 14.32 सेकंड का समय निकालकर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का नया मीट रिकॉर्ड भी बनाया। यह दौड़ बेहद रोमांचक रही। शिवाजी यूनिवर्सिटी के विकास आनंदा खोडके (14.516 सेकंड) और यूनिवर्सिटी ऑफ कालीकट के रहील सकीर वीपी (14.518 सेकंड) के बीच सिर्फ हजारवें हिस्से का अंतर रहा।




# पत्रकार स्वर्गीय डा. संजय सिसौदिया को नम आंखों से दी गयी श्रद्धांजलि





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वरिष्ठ पत्रकार डा. संजय सिसौदिया का 21 नवम्बर को निधन हो गया था। गुरुवार को उनकी शोक सभा वीजे फार्म हाउस घूकना में आयोजित की गयी। शोक सभा में राजनीति, पत्रकारिता, समाजसेवा के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर स्वर्गीय संजय सिसौदिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नोएडा की पुलिस कमिश्नर ने किया रात को औचक निरीक्षण पीआरवी टीम नदारद रही, 10 पुलिसकर्मी सस्पेंड



**नोएडा। करंट क्राइम।** गौतमबुद्धनगर की कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने देररात शहर के कई इलाकों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें कई पुलिसकर्मी ड्यूटी से नदारद पाए गए। सर्दियों में अपराध बढ़ने की संभावना को देखते हुए पुलिस की मौजूदगी को जांचने के लिए पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कई इलाकों का दौरा किया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे और आसपास के इलाकों में देर रात रैंडल चेकिंग की। इस दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को बड़ी लापरवाही मिली। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकली कमिश्नर ने पाया कि कई पीआरवी के जवान अपनी निर्धारित लोकेशन पर मौजूद ही नहीं थे। मामले को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तुरंत 10 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने का आदेश दिया। इसके साथ ही डायल-112 के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पांडे को कमजोर पर्यवेक्षण और लापरवाही के आधार पर लाइन हाजिर कर दिया। पीआरवी पर तैनात एक होमगार्ड पर भी गाज गिरी है। कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने रात 8 बजे 4 पीआरवी की जांच की। इनमें से 3 पीआरवी के पुलिसकर्मी लोकेशन पर मौजूद नहीं मिले। सिर्फ एक टीम अपनी ड्यूटी पर तैनात पाई गई। दो घंटे बाद दोबारा की गई चेकिंग में भी स्थिति सुधरी हुई नहीं दिखी। इस बार भी 4 में से 2 पीआरवी दल ड्यूटी से गायब मिले। लगातार दो निरीक्षणों में मिली इस लापरवाही ने अधिकारियों को चौंका दिया। दोनों चेकिंग में गायब पाए गए कुल 10 पुलिसकर्मियों को कमिश्नर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और उन पर विभागीय जांच भी जांच कराई जाएगी।

# जमानत से पहले 23 वर्षीय बंदी की संदिग्ध मौत परिवार ने जेल प्रशासन पर साजिश का आरोप लगाया




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिला कारागार में बंद 23 वर्षीय राहुल उर्फ परी की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक 307 के मुकदमे में बंद था। परिवार का कहना है कि राहुल उर्फ परी की 5 महीने पहले जमानत हो चुकी थी और सोमवार तक वह जेल से बाहर आने वाला था। बीते दिन ही उनके वकील कारागार में उनसे मिले थे और उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक था। परिवार ने इस घटना को सोची-समझी साजिश करार दिया है और जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जेल प्रशासन का बयान जेल प्रशासन का कहना है कि राहुल कुछ समय से बीमार चल रहा था और उसकी मानसिक स्थिति संतुलित नहीं थी। हालांकि जेल प्रशासन ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोई पुष्टि नहीं की है। जांच जारी घटना के बाद जेल में सन्नाटा पसरा हुआ है और प्रशासन ने गहन जांच शुरू कर दी है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि राहुल की मौत हत्या, आत्महत्या या बीमारी की वजह से हुई है। जांच के बाद ही मौत के सच्चे कारण का खुलासा होगा।

# एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने मिशन शक्ति केंद्रों की समीक्षा बैठक



**गूगल मीट कर निर्देश**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय/अपराध केशव कुमार चौधरी ने मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से गोष्ठी आयोजित की। बैठक में सहायक पुलिस आयुक्त महिला अपराध सहित तीनों जोनों के सभी सहायक पुलिस आयुक्त व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र के प्रभारियों को महिला शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही केन्द्र पर रखे जाने वाले सभी अभिलेखों को अद्यतन (अप-टू-डेट) रखने के लिए भी सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। एडिशनल सीपी ने कहा कि महिला सुरक्षा एवं समाधान से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# एशियन पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ हाइपरटेंशन-2025

## लखनऊ में डॉ. आलोक रंजन सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह के उपचार में निरंतर उत्कृष्ट कार्य के लिए डिस्ट्रिक्ट एमएमजी हॉस्पिटल, गाजियाबाद में कार्यरत कंसल्टेंट फिजीशियन एवं डायबेटोलॉजिस्ट डॉ. आलोक रंजन को एशियन पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ हाइपरटेंशन-2025 के दौरान इंडियन सोसाइटी ऑफ हाइपरटेंशन की प्रतिष्ठित फेलोशिप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हाइपरटेंशन रोगियों के प्रभावी प्रबंधन, जन-जागरूकता प्रयासों तथा क्लीनिकल एक्सीलेंस के लिए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. आलोक रंजन के प्रयासों से बड़ी संख्या में मरीजों को समय पर इलाज मिला है और गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव हुआ है। डॉ. रंजन मरीजों को केवल दवाइयों तक सीमित नहीं रखते, बल्कि वे कम नमक वाला आहार, संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम, तनाव नियंत्रण एवं पर्याप्त नींद जैसी व्यवहारिक चिकित्सा पर विशेष जोर देते हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ. आलोक रंजन ने कहा कि यह फेलोशिप मेरे लिए सम्मान से अधिक समाज सेवा की नई जिम्मेदारी है। यह सम्मान गाजियाबाद एवं पूरे जनपद के लिए गौरव का विषय है, जिससे जिले की चिकित्सा सेवाओं की प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर और सुदृढ़ हुई है।

# सपा नेता के बयान पर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने दी कड़ी प्रतिक्रिया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज ने सपा नेता पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर वो संसद में होते तो इस नेता को जरूर सबक सिखाते। यह बयान उन्होंने एक वीडियो जारी करके दिया। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा कि आज कोई मदनी,कोई नदवी धमकी देकर लोकतंत्र और संविधान की औकात बता रहा है। संपूर्ण हिंदू समाज ने अपने अस्तित्व को जिन नेताओं के भरोसे पर छोड़ रखा है वो सब इसके समक्ष मौन हो गए। जो लोग संसद में विरोध नहीं कर सके वो बाहर कैसे लड़ सकते हैं।

# 14 दिसंबर को कांग्रेस की 'वोट चोर गद्दी छोर' रैली को लेकर प्रदीप नरवाल आज लेंगे संगठन की बैठक

## रैली के लिए गाजियाबाद से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं और आम लोगों को ले जाने की योजना बनाई जा रही है



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस की ओर से आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी समेत कई कांग्रेसी नेता संबोधित करेंगे।

इस महारैली के लिए एनसीआर के जिलों से कांग्रेस कार्यकताओं को बुलाया गया है। एनसीआर के प्रत्येक जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे। इस सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में एक बैठक लेंगे। इस बैठक में 14 दिसंबर को होने वाली रैली की तैयारी की समीक्षा की जाएगी। इस रैली के लिए गाजियाबाद से हजारों की संख्या में कार्यकताओं और आम लोगों को ले जाने की योजना बनाई जा रही है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने बताया कि रामलीला मैदान में होने वाली महा रैली के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आम लोग रैली में शामिल होंगे।

इस रैली में भाजपा द्वारा महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार में की गई वोट चोरी को उजागर किया जाएगा। महाराष्ट्र और हरियाणा में बड़ी संख्या में वोट चोरी की गई है जिसका पदार्फाश हमारे नेता राहुल गांधी ने किया है।

उन्होंने कहा कि महा रैली के सिलसिले में प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल शुक्रवार को पार्टी कार्यालय पर बैठक लेंगे। इस बैठक में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला एवं शहर कमेटियों के पदाधिकारी, वर्तमान पार्षद, नगर निगम, नगर पंचायत, ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष, संगठन सृजन अभियान से जुड़े सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एवं फ्रंटल संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं कमेटी के सभी सदस्य भाग लेंगे। बैठक में कार्यकताओं को महा रैली के लिए जिम्मेदारी भी दी जाएगी।




# पास वाले कमिश्नरेट ने दिया बड़ा संदेश

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में गुरुवार को एक चर्चा बनी रही। जिस तरीके से बराबर वाले पुलिस कमिश्नरेट में मैडम ने सड़क पर देर रात निकलकर पुलिसकर्मियों की तत्परता, सक्रियता और पुलिसिंग का रियलिटी टेस्ट लिया है, इसकी चर्चा न सिर्फ पुलिस कमिश्नरेट में हो रही है। बल्कि लखनऊ में बैठे अधिकारियों के बीच में भी इसकी चर्चा सुनाई दी है। सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से यह पूरा प्लान और फिर एक्शन वाला रिएक्शन किया गया है, उससे ना सिर्फ पास वाले कमिश्नरेट की मैडम ने बड़ा संदेश दिया है बल्कि बताया है कि पुलिसकर्मियों को अपनी ड्यूटी तो हर हाल में ईमानदारी के साथ करनी ही होगी। अब चर्चा और कयास लगाए जा रहे हैं कि क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भी किसी जोन में डीसीपी या नंबर दो वाले साहब के अधिकारी ऐसा करते हुए नजर आएंगे। वैसे लंबे समय से देखा जा रहा है की डीसीपी स्तर के अधिकारी केवल खास बड़े आयोजन में ही एक्टिव मोड पर आते हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते दिनों जब दिल्ली में बम धमाका हुआ था,तो उसके बाद सारे अधिकारी एक्टिव नजर आए थे लेकिन उससे पहले यह एक्टिंवनेस कम थी। अब कहा जा रहा है कि सर्दियों का सीजन शुरू हो चुका है। रात में होने वाली दुर्घटनाएं और चोरी की वारदात अधिक होती हैं। तो वहीं थाना प्रभारियों से लेकर चौकी वाले प्रभारी भी रात में जल्द निकल लेते हैं। ऐसे में उनकी सक्रियता वर्किंग और अपराद नियंत्रण को लेकर क्या प्लानिंग है, यह देखना खास रहेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में तो कई अधिकारी जो एसीपी हैं और डीसीपी हैं वह अपने जोन से दूर रहते हैं, ऐसे में घटना रात में होने और कोई सूचना आने पर उन्हें टेंशन हर हाल में होगी जबकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की यूपी-112 सेवा टॉप पर बनी हुई है। ऐसे में अगर अधिकारियों का वर्किंग स्टाइल भी टॉप लेवल का हो जाएगा, तो कमिश्नरेट ना सिर्फ क्राइम कंट्रोल मदद मिलेगी, बल्कि आम जनता भी इसकी प्रशंसा करेगी। वहीं जिस तरीके से मोदीनगर वाला कांड हुआ है, उसके बाद वीडियो में पुलिस पर जो सवाल उठ रहे हैं, उसकी भी चर्चा हो रही है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देहात जोन वाली पुलिस इस घटना का क्या रीएक्शन दिखाती है। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि कमिश्नरेट के एक अधिकारी की वर्किंग पर सवाल बीते लंबे समय से उठ रहे हैं। कुल मिलाकर अब देखना होगा कि गाजियाबाद में रात्रि वाला चेकिंग और पुलिस कर्मियों की मौजूदगी वाला अभियान कैसा रहेगा।




# ऑक की फसल को बढ़ावा देने के लिए निटरा ने किया राजस्थान के संगठन के साथ एमओयू



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** देश की प्रतिष्ठित संस्था निटरा और बाड़मेर राजस्थान के रूमा देवी फाउंडेशन और ग्रामीण विकास चेतना संस्थान के बीच खेती, फल और फाइबर को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कि,ए गए। इस एमओयू पर निटरा के महानिदेशक डॉ एम एस परमार और जीवीसीएस की अध्यक्ष रूमा देवी ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता ज्ञापन केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह की ओर से ऑक की फसलों को लेकर जताई गई आवश्यकता के आधार पर किया गया। उमा देवी नारी जगत की एक नामचीन हस्ती है जो राजस्थान के सुदूर इलाकों विशेष कर रेगिस्तानी इलाकों की महिलाओं में आजीविका कमाने की चेतना भर रही है। इस कार्य के लिए उन्हें 2018 में नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा रूमा देवी राजस्थान लाइवलीहुड मिशन की वर्तमान में ब्रांड एंबेसडर है। डॉ परमार ने कहा कि केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने ऑक की फसल को बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया था। उसी के आधार पर फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। उनके संगठन को इस परियोजना के साथ जोड़ा गया है। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की एक की ओर बढ़ता कदम है।

# लायंस क्लब ने शुरू किया 5 दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा का आयोजन

## पहले दिन देवराज-चंचुला प्रसंग का सुंदर वर्णन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** धर्म और अध्यात्म के वातावरण को पोषित करते हुए, लायंस क्लब गाजियाबाद हिंडन रिवर द्वारा 5 दिवसीय श्री शिवमहापुराण कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ 3 दिसम्बर 2025 को किया गया। यह धार्मिक आयोजन रायल किड्स स्कूल प्रांगण, आर 7/166-सेक्टर-7, गाजियाबाद में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक किया जा रहा है और 7 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीगणेश : कथा के प्रथम दिवस (3 दिसम्बर) का शुभारंभ अत्यंत उत्साहपूर्ण रहा। कथा प्रारंभ से पहले, राजनगर सैक्टर-7 के पार्क से सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों श्रद्धालुओं से सजी यह यात्रा राजनगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पर विश्राम लिया।

कथा व्यासपीठ पर श्री महाकाल नगरी उज्जैन से पधारे पं. श्री कमल नयन शास्त्री विराजमान हुए। प्रथम दिवस में उन्होंने अत्यंत सुंदर और भावपूर्ण तरीके से देवराज ब्राह्मण एवं विदुग चंचुला के प्रसंग का वर्णन किया, जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया।

इस आध्यात्मिक आयोजन को सफल बनाने में लायंस क्लब के कई सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। इनमें ला. राजेश गर्ग, ला. रवि प्रकाश गुप्ता, ला. विजय गर्ग, ला. दीपक कुमार अग्रवाल, ला. अतुल भूषण, ला. रानू खट्टर, ला. आशु गुप्ता, ला. संजीव अरोड़ा, ला. शिखा, ला. देवेन्द्र मिश्रा, ला. सतेन्द्र बालियान, ला. राजीव बालियान, ला. गौरव अग्रवाल, ला. गौरव गोयल, ला. प्रदीप अग्रवाल, ला. विकास आनंद, ला. ललित मित्तल और ला. शुभम् गर्ग प्रमुख रहे। आयोजकों ने बताया कि यह कथा महोत्सव गाजियाबाद के नागरिकों को धर्म और संस्कार से जोड़ने का एक प्रयास है।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** यशिका और जगत की आज मैरिज एनिवर्सरी है। सफल, सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन का प्रथम वर्ष बड़े ही हर्ष के साथ सम्पूर्ण हुआ। पूरे परिवार ने यशिका और जगत को उनकी सफल, सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए बधाई और शुभकामनायें दीं। परिवार के सभी सदस्यों ने यशिका और जगत को बधाई और शुभकामनायें दीं। सौभाग्य, सफलता, उल्लास और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामनाओं से परिपूर्ण यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# भारत ने श्रीलंका को बेली ब्रिज और जल-शोधन इकाइयां भेजीं

**भारत ने मानवीय मदद के प्रयासों के तहत चक्रवात से प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं, ताकि अलग-थलग पड़े इलाकों को जोड़ा जा सके और पेयजल जैसी बुनियादी सेवाएं बहाल हों। चक्रवात दित्वाह से श्रीलंका में भारी तबाही हुई है, जिसमें अब तक 479 लोगों की मौत और 350 के लापता होने की पुष्टि हुई है। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने ऑपरेशन 'सागर बंधु' के तहत सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।**



**कोलंबो।** भारत ने तूफान प्रभावित श्रीलंका को बैली पुल और सैकड़ों जल-शोधन इकाइयां भेजी हैं। यह कदम मानवीय सहायता के तहत अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और जरूरी सेवाओं को बहाल करने के लिए उठाया गया है। द्वीप राष्ट्र में चक्रवात दित्वाह के कारण भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं और बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान हुआ। इससे कई जिले अलग-थलग पड़ गए हैं और देश की आपदा-प्रतिक्रिया क्षमता पर भारी दबाव पड़ा है। बुधवार शाम तक विनाशकारी बाढ़ और भूस्खलन में 479 लोग मारे गए और 350 लोग लापता हैं। यह स्थिति 16 नवंबर से चरम मौसम की वजह से बनी है।

भारतीय वायुसेना के एक विमान ने बुधवार को बैली पुल और 500 जल-शोधन इकाइयां पहुंचाई, ताकि तूफान प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। भारतीय उच्चायोग ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, ऑपरेशन सागर बंधु के तहत फासलों को पाटा जा रहा है और उम्मीद की किरण जगी है। एक सी-17 विमान 500 जल शोधन इकाइयों के साथ बेली ब्रिज पर उतरा है, जिससे अलग-थलग पड़े समुदायों को फिर से जोड़ने और सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

उच्चायोग ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि दोनों देशों के बीच डिजिटल माध्यम से भी आपदा प्रबंधन सहयोग जारी है।

बुधवार को आयोजित एक ऑनलाइन बैठक में आंध्र प्रदेश के रियल टाइम गवर्नेंस सचिव भास्कर कतामनेनी ने श्रीलंका के राष्ट्रपति के डिजिटल अर्थव्यवस्था सलाहकार हंस विजयसूरिया और गवटेक टीम के साथ डिजिटल माध्यम से 'टूलकिट' साझा की, जिसमें राज्य सरकार की आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया के बेहतरीन अनुभव दिखाए गए।

**श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने जताया पीएम मोदी का आभार**

भारत ऑपरेशन सागर बंधु के तहत श्रीलंका को मानवीय मदद दे रहा है, ताकि प्रभावित लोगों तक तुरंत राहत पहुंचाई जा सके।

इसमें हवाई, समुद्री और जमीनी ऑपरेशन शामिल हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने बुधवार को सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा, सागर-बंधु पहल के तहत भारत की त्वरित मदद हमारी साझेदारी और देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे सद्भाव को दशार्ती है। अधिकारियों के मुताबिक, चक्रवात से श्रीलंका को करीब छह से सात अरब अमेरिकी डॉलर बीच आर्थिक नुकसान हुआ है, जो देश की कुल जीडीपी का 3-5 फीसदी है।

# शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, यूनुस सरकार ने लगाए ये गंभीर आरोप



**ढाका ।** बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय के खिलाफ जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इससे पहले हसीना और उनके गृह मंत्री को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद जारी कानूनी कार्रवाइयों ने नया मोड़ ले लिया है। ढाका के एक विशेष अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्राइब्यूनल ने गुरुवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के विदेश में रह रहे बेटे सजीब वाजेद जॉय के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब हसीना को पिछले महीने जुलाई विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

ट्राइब्यूनल ने बताया कि जॉय पर भी जुलाई विद्रोह के दौरान मानवता विरोधी अपराधों में शामिल होने के आरोप हैं। इसी मामले में तत्कालीन आईसीटी राज्य मंत्री जुनैद अहमद पलक के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है, जो पहले से जेल में हैं। जॉय हसीना सरकार में आईसीटी मामलों के सलाहकार थे। हालांकि वो अमेरिका में रहते हैं और ट्राइब्यूनल के समन का अब तक जवाब नहीं दे रहे हैं। अभियोजकों का कहना है कि उनके खिलाफ आरोप स्पष्ट हैं और ट्रायल में अनुपस्थित रहने के कारण अब गिरफ्तारी वारंट आवश्यक हो गया।

**जुलाई विद्रोह और सत्ता परिवर्तनः** जुलाई 2025 में छात्रों के नेतृत्व वाले हिंसक जनआंदोलन ने शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंका। यह आंदोलन बाद में जुलाई विद्रोह के नाम से जाना गया। आंदोलन के दौरान भारी हिंसा हुई और अंतरिम सरकार ने जनवरी में 834 जुलाई योद्धाओं की मौतों की सूची जारी की। वहीं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने अपनी रिपोर्ट में 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच 1,400 मौतों का अनुमान दिया था, जिसमें पुलिस और अवामी लीग कार्यकताओं के खिलाफ बदले की हिंसा भी शामिल थी।

**मौत की सजा और अन्य बड़े फैसलेः** इसी विद्रोह से जुड़े मानवता विरोधी अपराधों में ट्राइब्यूनल ने पहले ही शेख हसीना और उनके तत्कालीन गृह मंत्री असदुज्जामान खान कमाल को मौत की सजा सुनाई है। उनका ट्रायल अनुपस्थिति में हुआ क्योंकि दोनों देश छोड़ चुके थे। अदालत ने माना कि आंदोलन को कुचलने के लिए सरकारी कार्रवाई बेहद क्रूर और योजनाबद्ध थी, जिसमें बड़े पैमाने पर हत्याएं और दमन शामिल था।

# अमेरिका में जापानी केई कारों का रास्ता साफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश से खुले दरवाजे

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप अपने जापान दौरे के दौरान देखी गई छोटी केई कारों के बहुत दीवाने लग रहे हैं। उन्होंने अमेरिका में उनके बनने और बिकने का रास्ता बना दिया है। भले ही उन्हें डर है कि वे अमेरिकी सड़कों पर सुरक्षित रूप से चलाने के लिए बहुत छोटी और धीमी हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में जापान यात्रा के दौरान देखी गई छोटी और आकर्षक (केई कारों) से प्रभावित होकर उन्हें अमेरिका में बनाने और बेचने की अनुमति देने का रास्ता खोल दिया है। हालांकि वर्षों से यह चिंता बनी हुई थी कि यह कारें अमेरिकी सड़कों पर मौजूद बड़े और भारी वाहनों के बीच सुरक्षित नहीं होंगी। फिर भी ट्रंप ने नियमों में ढील देने का संकेत दिया है।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि ये कारें 'बहुत छोटी और क्यूट' हैं और अमेरिका में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री सीन डफी को इन कारों के उत्पादन को मंजूरी देने का अधिकृत आदेश दे दिया गया है।

**फेडरल मानकों पर खरी नहीं उतरती Kei कारें**

एशियाई देशों में बेहद लोकप्रिय होने के बावजूद Kei कारें फिलहाल अमेरिकी सुरक्षा और क्रैश-टेस्ट मानकों पर खरा नहीं उतरतीं। अमेरिका में केवल 25 साल से अधिक पुरानी कारों को बिना इन मानकों के आयात करने की अनुमति है। इसी नियम की वजह से ड्ढी कारों के कुछ पुराने मॉडल अमेरिकी कार-प्रेमियों के बीच लोकप्रिय हैं। लेकिन कई राज्यों में इन्हें सिर्फ निजी संपत्ति या कम गति वाले क्षेत्रों तक सीमित रखा गया है।

विशेषज्ञों के अनुसार, ड्ढी कारें न सिर्फ आकार में छोटी होती हैं बल्कि गति और ताकत के मामले में भी अमेरिकी सड़कों के लिए कमजोर मानी जाती हैं। जहां बड़े एसयूवी और ट्रकों का दबदबा है। जापान में ड्ढी कारें सभी नई कार बिक्री का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हैं। ये कारें संकरी सड़कों वाले शहरों के लिए और कम बजट में आने के कारण बेहद लोकप्रिय हैं। लेकिन ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के ऑटो विश्लेषक तात्सुओ योशिदा का कहना है कि अमेरिका जैसे बाजार में इन कारों का बिजनेस मॉडल फिट नहीं बैठता।

## रूस के जेल में बंद एक अमेरिकी नागरिक ने की गार्डों की पिटाई

**रूस।** रूस में पुलिस अधिकारी की पिटाई के दोषी पाए गए एक अमेरिकी की सजा बुधवार को बढ़ा दी गई, जब उसे जेल प्रहरियों पर हमला करने का दोषी पाया गया। रॉबर्ट गिलमैन, जिन्हें रूसी मीडिया में पूर्व अमेरिकी मरीन के रूप में पहचाना गया था, को शुरू में 2022 में 3-1/2 साल की सजा सुनाई गई थी, जब उन्हें एक पुलिस अधिकारी के साथ मारपीट करने का दोषी ठहराया गया था, जिसे ट्रेन से उतारकर गड़बड़ी पैदा करने के लिए दोषी ठहराया गया था। बाद में उन्हें एक सेल जांच के दौरान जेल निरीक्षक पर हमला करने, एक अन्वेषक की पिटाई करने और एक गार्ड पर हमला करने का दोषी ठहराया गया, और अक्टूबर 2024 में उन्हें आठ साल और एक महीने की सजा सुनाई गई। बुधवार को, दक्षिण-पश्चिमी रूस के वोरोनिश क्षेत्र की एक अदालत ने, जहां गिलमैन अपनी सजा काट रहा है।

# करीब ढाई दशक पुरानी है पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन की दोस्ती



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आज नई दिल्ली में मुलाकात होगी। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्ष कई अहम मुद्दों पर चर्चा के साथ अपनी ढाई दशक पुरानी दोस्ती को भी मजबूत करते नजर आएंगे। बता दें कि, बतौर गुजरात के मुख्यमंत्री साल 2001 में पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। देखिए मोदी-पुतिन की 25 साल पुरानी दोस्ती की तस्वीरें...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का रिश्ता लगभग 25 वर्षों से बेहद मजबूत और भरोसे से भरा रहा है। दोनों नेताओं के बीच पहली मुलाकात और जान-पहचान 2001 में हुई थी, जब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और वे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ रूस की राजधानी मॉस्को गए थे। उस दौरान हुई बातचीत ने भारत-रूस संबंधों की नई आधारशिला रखी थी। उसी दौर की कुछ तस्वीरें एक बार फिर चर्चा में हैं, जिनमें मुख्यमंत्री मोदी रूस में प्रधानमंत्री वाजपेयी के साथ दिख रहे हैं। यह उन शुरूआती पलों की याद दिलाती हैं जब भारत और रूस दोस्ती ने एक नया अध्याय शुरू किया था।

साल 2001 में गुजरात के सीएम रहे मोदी ने पीएम वाजपेयी के साथ मॉस्को में बैठक में हिस्सा लिया था; यह उनकी पुतिन से पहली मुलाकात थी। 2014 से अब तक- वहीं पीएम मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत-रूस संबंध और मजबूत हुए हैं। इस कड़ी में इस साल भारत में 23वीं वार्षिक शिखर बैठक आयोजित की जा रही है।

**क्यों महत्वपूर्ण है पुतिन की यह यात्रा ?:** भारत और रूस दशकों से विश्वसनीय मित्र रहे हैं, रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों का सहयोग दुनिया में मिसाल माना जाता है। ऊर्जा और अंतरिक्ष कार्यक्रमों में भी साझेदारी लगातार बढ़ रही है, वहीं बदलते वैश्विक हालात में दोनों देशों का करीब आना रणनीतिक तौर पर अहम है।

## राष्ट्रपति पुतिन का भारत दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन आज भारत की राजकीय यात्रा पर आ रहे हैं। यह दो दिवसीय दौरा है और इसी दौरान 23वीं भारत-रूस वार्षिक शिखर बैठक आयोजित की जाएगी।

इस शिखर बैठक में रक्षा, ऊर्जा, व्यापार, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा, कनेक्टिविटी और विज्ञान-प्रौद्योगिकी जैसे कई अहम मुद्दों पर दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत बनाने की तैयारी है। भारत और रूस लंबे समय से एक-दूसरे के रणनीतिक साझेदार रहे हैं, और दोनों देशों के बीच यह शिखर बैठक द्विपक्षीय रिश्तों को नई दिशा देने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# पांच महीनों तक हूती विद्रोहियों की कैद में रहा भारतीय रिहा


## ओमान ने की छुड़ाने में मदद



**सना।** भारतीय नागरिक रवींद्रन (बाएं) हूतियों की कैद से छूटने के बाद मस्कट पहुंचे। युद्धग्रस्त यमन में हूती विद्रोहियों की हिरासत में लगभग पांच महीने तक रखे गए एक भारतीय नागरिक को रिहा कर दिया गया है। केरल के रहने वाले अनिल कुमार रवींद्रन कार्गो जहाज एमवी इटर्निटी सी के क्रू सदस्य थे और उन्हें 7 जुलाई से हिरासत में ले लिया गया था।

विदेश मंत्रालय ने रवींद्रन की रिहाई का स्वागत किया है। मंत्रालय ने बताया कि वह मंगलवार को मस्कट पहुंच चुके हैं और जल्द ही भारत लौटने वाले हैं। मंत्रालय के मुताबिक, उनकी सुरक्षित रिहाई और वापसी सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार लगातार अलग-अलग पक्षों के साथ समन्वय में लगी हुई थी। बयान में कहा गया कि भारत सरकार इस रिहाई को संभव बनाने में सहयोग के लिए ओमान की सल्तनत की आभारी है।

# 6.2 तीव्रता के भूकंप से थरार्या चीन का शिनजियांग



**शिनजियांग।** नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के एक बयान में कहा गया है कि शिनजियांग में 6.2 मैग्नीट्यूड का भूकंप आया। भूकंप 10 किमी की कम गहराई पर आया, जिससे आफ्टरशॉक का खतरा बना रहता है। इससे पहले 2 दिसंबर को, 3.9 मैग्नीट्यूड का एक और भूकंप इस इलाके में 10 किमी की गहराई पर आया था।

कम गहरे भूकंपों की तुलना में कम गहरे भूकंप आम तौर पर ज्यादा खतरनाक होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि कम गहरे भूकंपों से आने वाली सीस्मिक तरंगों को सतह तक पहुंचने में कम दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे जमीन ज्यादा हिलती है और स्ट्रक्चर को ज्यादा नुकसान हो सकता है और ज्यादा मौतें हो सकती हैं।

चीन की ज्योग्राफिकल स्थिति इसे बार-बार होने वाली सीस्मिक एक्टिविटी के लिए बहुत ज्यादा संवेदनशील बनाती है। यह दो सबसे बड़े सीस्मिक बेल्ट, सर्कम-पैसिफिक सीस्मिक बेल्ट और सर्कम-इंडियन सीस्मिक बेल्ट के बीच में है। पैसिफिक प्लेट, इंडियन प्लेट और फिलीपीन प्लेट से दबे होने के कारण, इस इलाके में सीस्मिक फ्रैक्चर जोन अच्छी तरह से विकसित हैं। 20वीं सदी की शुरूआत से, चीन में छह या उससे ज्यादा मैग्नीट्यूड के 800 से ज्यादा भूकंप आ चुके हैं।

गुइझोउ, झेजियांग और हांगकांग को छोड़कर, लगभग सभी प्रांतों, नगर पालिकाओं और ऑटोनॉमस इलाकों में भूकंप आए हैं।

चीन के साइंस म्यूजियम के अनुसार, 1900 से चीन में भूकंपों में 5,50,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जो दुनिया भर में भूकंप से होने वाली कुल मौतों का 53 फीसदी है। 1949 से, चीन के प्रांतों, नगर पालिकाओं और ऑटोनॉमस इलाकों में 100 से ज्यादा विनाशकारी भूकंप आए हैं, जिनमें से 14 पूर्वी चीन में हैं। इन भूकंपों की वजह से 2,70,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जो चीन में प्राकृतिक आपदाओं से हुई कुल मौतों का 54 फीसदी है।

भूकंप से प्रभावित जिले 300,000 वर्ग किलोमीटर के एरिया में फैले हुए हैं, जहां सात मिलियन से ज्यादा घर तबाह हो गए हैं। एक्सपट्र्स का कहना है कि भूकंप और दूसरी प्राकृतिक आपदाएं शांति के समय में भी चीन के लिए बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं।

# अमेरिका का 2026 में नए जी20 का आयोजन करने का एलान, दक्षिण अफ्रीका को बाहर कर पोलैंड को दी जगह

**वॉशिंगटन।** जी20 समिट में ट्रंप की गैरहाज़िरी और दक्षिण अफ्रीका को आगे आमंत्रित न करने की घोषणा पर राष्ट्रपति रामाफोसा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक संबंध सुधारने के प्रयासों के बावजूद ट्रंप सजा देने वाले कदम उठा रहे हैं।

अमेरिका की सरकार ने गुरुवार को वैश्विक आर्थिक मंच को नया आकार देने की कोशिश करते हुए अगले जी20 सम्मेलन के आयोजन का एलान किया। अमेरिका ने इसे नया जी20 करार दिया। दरअसल अमेरिका ने दक्षिण अफ्रीका को इस सम्मेलन से बाहर करने का एलान किया है और पोलैंड को शामिल किया है। अमेरिका के विदेश मंत्री ने दक्षिण अफ्रीका पर भेदभाव और कट्टरपंथी एजेंडे को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताया किन मुद्दों पर फोकस करेगा नया जी20

एक ब्लॉग पोस्ट में अमेरिकी विदेश मंत्री ने लिखा, अमेरिका नए जी20 का स्वागत करता है। जी20 2026 का आयोजन दिसंबर 2026 में फ्लोरिडा के मियामी में होगा। साल 2009 के बाद पहली बार अमेरिका जी20 का आयोजन करने जा रहा है। रुबियो ने बताया कि नया जी20 तीन मुख्य स्तंभों पर आधारित है, जिनमें रेगुलेटरी बोझ को हटाना, किफायती और सुरक्षित ऊर्जा आपूर्ति सप्लाई चेन, एआई जैसी अहम तकनीक पर फोकस शामिल हैं।



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबिया

**दक्षिण अफ्रीका सरकार पर साधा निशानाः** मार्को रुबियो ने पोलैंड को भी जी20 सम्मेलन में शामिल करने की जानकारी दी। रुबियो ने दक्षिण अफ्रीका की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की तीखी आलोचना की और दक्षिण अफ्रीका में कथित तौर पर मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं से आंखें मूंदने का आरोप लगाया। ऐसा पहली बार नहीं है कि ट्रंप प्रशासन ने दक्षिण अफ्रीका की सिरिल रामाफोसा सरकार की निंदा की है। ट्रंप ने कुछ दिनों पहले ही 2026 में होने वाले जी20 सम्मेलन से दक्षिण अफ्रीका को बाहर करने का एलान किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका के साथ कूटनीतिक संबंध सुधारने के राष्ट्रपति रामाफोसा के कई प्रयासों और बार-बार की गई कोशिशों के बावजूद 'सजा देने वाले कदम' जारी रखे हैं।

**अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के संबंधों में क्यों आई गिरावट**

अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच संबंधों में गिरावट तब शुरू हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका में श्वेत किसानों के खिलाफ नरसंहार का आरोप लगाया। इसी नाराजगी के चलते ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में हुए हालिया जी20 सम्मेलन में शिरकत करने से इनकार कर दिया।

# गाजियाबाद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की समीक्षा बैठक सम्पन्न, निर्वाचन आयोग ने कार्य प्रगति की सराहना की







**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत गणना अवधि में बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर भ्रमण कर निर्वाचकों को गणना प्रपत्र वितरित करने, निर्वाचकों से गणना प्रपत्र एकत्रित कर उन्हें बी.एल.ओ. एप पर डिजिटाइज करने एवं अनुपस्थित मतदाताओं को चिन्हित कर एएसडी (अनुपस्थित) मतदाताओं की सूची बनाकर जनप्रतिनिधियों से साथ साझा करने सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा/पुनरावलोकन बैठक मनीष गर्ग वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त माननीय भारत निर्वाचन आयोग की अध्यक्षता एवं नवदीप रिणवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश व अजय कुमार वर्मा सचिव ईसीआई की गरिमामय उपस्थिति में आहूत हुई। बैठक से पूर्व कलेक्ट्रेट प्रांगण में पहुंचने पर अध्यक्ष महोदय को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। तदोपरांत प्रांत सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच बीएलओ को सम्मानित किया गया।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मॉंदड़ द्वारा अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि जनपद गाजियाबाद में अवस्थित पांच विधानसभा व एक आशिक विधानसभा है। निर्वाचन कार्य एसआईआर को समयांतराल में पूर्ण गुणवत्ता के साथ संपन्न करने हेतु जनपद में एक उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पांच निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 26 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, एसआईआर कार्य हेतु पांच पर्यवेक्षण अधिकारी, 43 सेक्टर ऑफिसर, 102 जांच अधिकारी, 331 सुपरवाइजर, पांचो विधानसभाओं में 3089 बीएलओ व आंशिक विधानसभा में 135 बीएलओ व राजनैतिक दलों द्वारा 10451 बीएलए नियुक्त हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल मतदाता (27.10.2025 के आधार पर) 2837991 (पुरूष-1566304, महिला-1274449, थर्ड जेण्डर- 188), ई.पी. रेशियों-59.08%, जेण्डर रेशियों-812 है। वर्ष 2003 में मतदाताओं की संख्या-1567193, वर्ष 2003 में विधानसभाओं का विवरण- 372-गाजियाबाद, 373-मुरादनगर, 374-मोदीनगर, 384-खेकडा, कुल गणना प्रपत्र वितरित- 2837991 (100%), कुल डिजिटाइज्ड गणना प्रपत्र 1476817 (52.04%), भौतिक रूप से मैंपिंग का प्रतिशत- 38.43% है। 2022 विधानसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत- 54.93%, 2024 लोक सभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत- 49.87%, 56 गाजियाबाद उप निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत- 33.33 रहा। शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले मतदेय स्थलों की संख्या 801 है, जिसमें लोनी में 46, मुरादनगर में 54, साहिबाबाद में 342, गाजियाबाद में 129 व मोदीनगर में 230 मतदेय स्थलों पर शत प्रतिशत कार्य हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी महोदय ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया की विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के तहत नियमानुसार बीएलओ, सुपरवाइजर्स, सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को नियमानुसार प्रशिक्षण दिलाया गया, समय-समय पर अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें की जाती हैं। इसी के साथ सभी विभागों के अधिकारियों, फ्लैट संगठनों, व्यापार मंडल, उद्योग मंडल, श्रम विभाग सहित अन्य के माध्यमों से संस्थानों/संस्थाओं को अपने अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों के एसआईआर फॉर्म भरने के लिए निरंतर अपील की जा रही है । प्रचार प्रसार एवं फीडबैक लेने हेतु मीडिया बन्धुओं के साथ प्रेस वार्ता /बैठक की जाती हैं। निर्वाचकों को एसआईआर के संबंध में जागरूक करने हेतु हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है और सभी से लगातार मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अपील की जा रही है कि वह गणना प्रपत्र भरकर शीघ्र ही जमा कराएं। मनीष गर्ग वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त ने कहा जिन विधानसभाओं में निर्वाचन कार्य धीमी गति से हो रहा है वहां तेजी लाने हेतु सकारात्मक कार्य किये जाएं, जिससे सभी विधानसभाओं में समयांतराल में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 का कार्य संपन्न हो सके, इसके साथ ही डाटा मैपिंग करते समय या उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजते हुए प्रत्येक बिंदु का पुनरावलोकन किया जाएं, जिससे कि रिपोर्ट में त्रुटि न रहे। कार्य करते समय गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं।

नवदीप रिणवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कमजोर बीएलओ का सहयोग किया जाएं। निर्वाचन कार्य में अशुद्धियां ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। एसआईआर कार्य को पूरा करने के लिए बीएलओ'एस पर दबाव से नहीं अपितु सहयोग से पूर्ण कराया जाएं।

बैठक में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ भट्ट, अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर, अपर जिला अधिकारी प्रशासन ज्योति मौर्या, सभी ईआरओ'एस, एईआरओ'एस सहित संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

बैठक के उपरांत अध्यक्ष महोदय द्वारा इंदिरापुरम रेल विहार में बीएलओ'एस द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया, इस मौके पर अध्यक्ष महोदय द्वारा बीएलओ से एसआईआर की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई, साथ ही उपस्थित निर्वाचकों से भी फीडबैक लिया गया।

निर्वाचको ने अवगत कराया गया कि निर्वाचन टीम द्वारा पूर्ण सहयोग के साथ कार्य किया जा रहा है। बैठक में प्राप्त एसआईआर प्रगति रिपोर्ट एवं स्थलीय निरीक्षण के बाद अध्यक्ष महोदय ने जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समन्वय बनाते हुए कार्य करने से हर कार्य समयांतराल में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण हो जाता है। उन्होंने निर्वाचन टीम के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शाबाशी दी।

बैठक के दौरान सम्मानित होने वाले सुपरवाइजर एवं बीएलओ सतीश चंद्र सुपरवाइजर, दिनेश पाल सिंह सुपरवाइजर, शीतल बीएलओ, शालिनी अग्रवाल बीएलओ, प्रतीक्षा अग्रवाल बीएलओ थे।

## विजयनगर में बन रहा ढ़ाई करोड़ से एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर, जनवरी में होगा शुभारंभ




**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** नगर निगम गाजियाबाद की सीमा अंतर्गत तीसरे एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है। सिद्धार्थ विहार स्थित यह केंद्र जनवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू किया जाएगा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर अधिकारी लगातार कार्यों की मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी के अनुसार, तीसरे एबीसी सेंटर की लागत लगभग 2 करोड़ 45 लाख है।

लगभग 299.45 वर्गमीटर क्षेत्र में बनाए जा रहे इस केंद्र में प्रतिदिन 50 श्वानों का बधियाकरण किया जा सकेगा। भवन निर्माण पूरा हो चुका है और वर्तमान में इलेक्ट्रिक व प्लंबिंग से जुड़े अंतिम कार्य तेजी से जारी हैं।

### बधियाकरण में मिलेगा लाभ

**करंट क्राइम ।** नगर आयुक्त ने बताया कि जनवरी से गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र में तीन एबीसी सेंटर संचालित होने लगेंगे, जिससे प्रतिदिन 100 से अधिक श्वानों का बधियाकरण संभव हो सकेगा। इसके चलते शहर में श्वान संबंधी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि आरडब्ल्यूए पदाधिकारी और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का सहयोग श्वान पंजीकरण प्रक्रिया में निगम को निरंतर मिल रहा है, जो सराहनीय है।
गाजियाबाद नगर निगम उत्तर प्रदेश का पहला नगर निगम बनेगा, जहां एक साथ तीन एबीसी सेंटर सक्रिय रहेंगे। तीसरे केंद्र का हाल ही में निरीक्षण उपमुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एस.पी. मिश्रा और पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. आशीष त्रिपाठी भी मौजूद रहे। नगर निगम का दावा है कि यह केंद्र शहर निवासियों को राहत देने और श्वान संबंधित समस्याओं के स्थायी समाधान में अहम भूमिका निभाएगा।

## के.डी.बी. ने जीता आह्वान क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल, वनस्थली 6 रन से पिछड़ी

### 23 गेंदों में 25 रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे प्रशांत दीक्षित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में आयोजित आह्वान क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार समापन तीसरे दिन के ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ, जहां फाइनल मुकाबला के.डी.बी. और वनस्थली की टीमों के बीच खेला गया। कुल 8 टीमों ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर बेहतरीन खेल कौशल और अनुशासन का परिचय दिया। फाइनल में के.डी.बी. ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 59 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। टीम के लिए शौर्य शर्मा ने 23 गेंदों में 27 रन और प्रशांत दीक्षित ने 23 गेंदों में 25 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।




जवाब में वनस्थली की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 53 रन ही बना सकी। टीम की ओर से आयांश ने 5 गेंदों में 13 रन की तेज पारी खेलकर जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन टीम 6 रन से पीछे रह गई। के.डी.बी. की गेंदबाजी ने अंतिम ओवरों में मैच का रुख निर्णायक रूप से अपनी तरफ मोड़ दिया, जिसमें प्रशांत दीक्षित ने 3 ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट और ऋत्विक वशिष्ठ ने 2 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।

टूर्नामेंट के विशेष पुरस्कारों में मैन ऑफ द मैच प्रशांत दीक्षित, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज ऋत्विक वशिष्ठ, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज शौर्य शर्मा और सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड सपोर्ट मुकुल राय को सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय आवाहन टूर्नामेंट का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस, टीमवर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना था, जिसे खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से पूरी तरह सार्थक किया।

आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल ने सभी प्रतिभागी टीमों, कोचों, अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों के सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं कहीं खड़ा था और एक गहरी बात कर रहा था बंता? वो कह रहा था भगवागढ़ के एक विधायक से दुश्मनी मत लेना, क्योंकि उन्हें वो वरदान प्राप्त है जिसे कहते हैं शत्रुहंता? जो भी दुश्मनी उनसे निभाता है साहब? उसका हो जाता है कुछ ना कुछ नाश? आपने देखा होगा बड़ी बड़ी शक्तियां टकराई हैं उनसे? मगर उनका कोई भी कुछ उखाड़ नहीं पाया है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं भगवागढ़ के दो विधायकों को करना चाहता हूं चौकस? क्षेत्र के बड़े जाट नेता ने कर दिया है इन दोनों की विधानसभा पर फोकस? तैयार कर लिया है इन्होंने पूरा प्लान? पूरी शिद्दत से लगा दिया है इन्होंने इन विधानसभाओं पर ध्यान? ये बहुत ही गहराई से कर रहे हैं पूरी भूमिका तैयार? मुलाकातें कई बड़े चेहरों से हो चुकी हैं? कईयों ने इनको दे दिया है आश्वासन जोरदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे भगवा टॉमक्रूज उर्फ कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी के बर्थडे सेलीब्रेशन में मौजूद? यहां पर हमें दिखाई दे रहा था चेहरे पर खिली सी मुस्कान लिए हुए पूर्व पार्षद जाकिर सैफी का वजूद? इस मुस्कुराहट के साथ वो बिखेर रहे थे काम नहीं होने की खटास? भगवा टॉमक्रूज ने आश्वासन दिया हम लायेंगे अब तुम्हारे वार्ड में विकास? सुन कर ये मीठी बात आ गई जाकिर भैया के चेहरे पर स्माईल? क्योंकि वो जानते थे कि टॉमक्रूज ही पास करा सकते हैं बड़े वाले साहब से रूकी हुई फाईल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको दे रहा हूं अंदर की जानकारी? भगवागढ़ के एक ठाकुर चेहरे बैकअप प्लान में तैयार कर रहे हैं साईकिल पर सवार होने की भी तैयारी? उनके दिल में चुनाव लड़ने के अरमान रोजाना हो रहे हैं जारी? जिससे वो खेलना चाह रहे हैं चुनाव वाली पारी? इसलिए अगर यहां नहीं बनी बात, तो वहां वो चैन उतरने से पहले साईकिल चला देंगे साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी हमारी पड़ती है हातम भैया और उनके प्रिय मुन्ना भैया पर नजर? तो ना जाने क्यों हमारे दिल को होने लगती है उनकी फिक्र? हम ये सोचते हैं कि हम कैसे जनरली इनकी राजनीति को मिलेगा मुकाम? जब साहब यहां थे तब रख लेते थे इनका ध्यान? मगर जब से गर्ग साहब के हाथ में आई है सत्ता? तब से हम देख रहे हैं कोई भी इनकी राजनीति पर फर्क नहीं पड़ा अलबत्ता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ की राजनीति में आने वाले दिनों में एक विधायक मारने वाले हैं पोस्टर फाड़ एन्ट्री? बस वो कर रहे हैं प्रदेश अध्यक्ष बदलने का इंतजार? सुना है ऐसा होते ही आ जायेगी उनकी राजनीति में बहार? मिल जायेगा उनको योगी जी की टीम में मंत्री वाला किरदार? कुछ इसी तरह के विधायक जी के स्पून कर रहे हैं प्रचार? कहने वाले ने कहा कि कटोरे में क्या है उसे बारीकी से स्पून ही लाते हैं बाहर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब हमारी है भगवा योद्धा के आने वाले बर्थडे पर नजर? सुना है करने वालों ने शुरू कर दी है उनकी शिद्दत से फिक्र? अंकुर भैया ने अभी से बड़े बड़े होर्डिंग लगाकर देना शुरू कर दिया है बधाईयों का पैगाम? देखना अब ये है कि योद्धा की शान में कितना बड़ा होता है प्रोग्राम? भीड़ से हो जायेगा इस बात का एहसास? कमांडर और योद्धा में से किसका मामला मजबूत है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आखिर वो पल आ ही गया साहब जब नदिया पार के मैम्बर राजकुमार ने अपने प्रिय हैवीवेट वालों को दर्शन दे दिये साहब? सुना है इन मैम्बर ने लगाया हुआ था दावतों पर ध्यान? जिस वजह से एसआईआर का काम नहीं चढ़ पा रहा था परवान? अपने प्रिय राजकुमार को देखकर हैवीवेट वालों के मुख से निकली यही बात? अब भी कुछ दावतें शेष रह गई हैं? या पूर्ण रूप से अब आये हो आप हमारे पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे खोड़ा में पटेल जी के उपलक्ष्य में आयोजित हुए कार्यक्रम में मौजूद? सच बतायें हमें भगवा योद्धा के मयार के हिसाब से नहीं दिख रहा था यहां पर भीड़ का वजूद? ये तो शुक्र है कि लोगों को रोकने के लिए यहां पर भगवा वालों ने कर लिया था प्लान–बी पर काम? उन्हें पता था खोड़ा का मुख्य मुद्दा पानी है? इन्हें पानी की चर्चा से ही रोका जा सकता है श्रीमान? कहने वाले ने कहा पानी की चर्चा चलती रही और भीड़ जुटने लगी श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब 81 नंबर पर ले रहे थे हैवीवेट वाले एसआईआर को लेकर मीटिंग? तो हमने देखा कि यहां पर 81 नंबर वाले मैम्बर की ही नहीं दिख रही थी सीटिंग? भगवा कमिश्नर ने शायद नहीं भेजा था अग्रवाल जी को कार्यक्रम में आने का पैगाम? उनके दिल में इस अनदेखी का दर्द–ए–डिस्को हमने बजते हुए सुना था श्रीमान? ये अनदेखी वाली बात है 100 प्रतिशत पुख्ता? बाकी और जानकारी प्राप्त करनी हो तो इस बारे में बता देंगी मैडम गुप्ता?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## लोनी में जनसुविधा केंद्रों पर फर्जी आधार कार्ड तैयार करने का आरोप

### विधायक नंद किशोर गुर्जर ने डीएम को भेजा पत्र



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र में जनसुविधा केंद्रों के माध्यम से फर्जी आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार किए जाने की शिकायतें सामने आने पर विधायक नंद किशोर गुर्जर ने जिलाधिकारी गाजियाबाद को पत्र भेजकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ जनसुविधा केंद्र संचालक बिना सत्यापन के आधार कार्ड और दस्तावेज जारी कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है।

विधायक ने कहा कि बिना उचित पहचान और विवरणों की जाँच किए लोगों को आधार कार्ड और अन्य प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि कई स्थानों पर बाहरी व्यक्तियों को भी फर्जी दस्तावेज बनवाने में मदद दी जा रही है। उनके अनुसार, यह प्रक्रिया न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि स्थानीय व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकती है।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि एसआईआर प्रक्रिया को कुछ केंद्र अपनी सुविधा के अनुसार गलत तरीके से पूरा कर रहे हैं, जबकि कई लोग इस माध्यम का दुरुपयोग करते हुए गलत पहचान पत्र बनवा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी गतिविधियाँ भविष्य में गंभीर घटनाओं को जन्म दे सकती हैं और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं।

विधायक ने जिलाधिकारी से मांग की है कि फर्जी दस्तावेज तैयार करने में संलिप्त संचालकों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एनएसए सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, एसआईआर फार्म का अनिवार्य डिजिटल सत्यापन कराया जाए और लोनी क्षेत्र के सभी जनसुविधा केंद्रों की तत्काल जांच कराई जाए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से भविष्य में ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के लिए सख्त निगरानी रखने की अपील की है। विधायक ने पत्र की प्रति एसडीएम ग्रामीण, एसडीएम लोनी और एसडीएम भोजपुर विहार के लिए भी प्रेषित की है।

## एसआईआर अभियान समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों का सम्मान, संगठन अगले चरण के लिए तैयार : मयंक गोयल

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में आज नेहरू नगर स्थित भाजपा कार्यालय पर एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें अभियान में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले अभियान संयोजक सुभाष शर्मा, सह संयोजक अमित रंजन, मॉनिटरिंग संयोजक पंकज भारद्वाज और कामेश्वर त्यागी को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

बैठक के दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया कि एसआईआर अभियान का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और अब तक 60 प्रतिशत मतदाताओं के फॉर्म जमा किए जा चुके हैं। अभियान की समय सीमा 11 दिसंबर 2025 तक बढ़ा दी गई है। कम कवरेज वाले बूथों पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपते हुए दूसरे चरण को लक्ष्य आधारित बनाने पर जोर दिया गया।





अभियान संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा कि अभियान मजबूत नेतृत्व और सुनियोजित कार्यप्रणाली के कारण तेजी से आगे बढ़ रहा है। सह संयोजक अमित रंजन ने बताया कि कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के मार्गदर्शन में पूर्ण क्षमता से जुटे हुए हैं और अभियान को सेवा मिशन की भावना से आगे बढ़ा रहे हैं।

समीक्षा बैठक में पदाधिकारी ललित कश्यप, प्रीति चंद्र राय, अमृता सिंह, डॉ. ऋचा भदौरिया, राज पांडेय, कुलदीप कसाना, देवेंद्र गिरी, महताब त्यागी, प्रताप सिसोदिया, सतीश मिश्रा, अवधेश यादव, सविता त्यागी, राम त्यागी, नोमिश पांडेय और उत्तम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी ने बताया कि एसआईआर अभियान को लोकतंत्र के जनसहभागिता महाअभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। बूथ स्तरीय टीमें सक्रिय हैं और संगठन शत-प्रतिशत कवरेज की ओर आगे बढ़ रहा है।

बैठक का समापन सम्मानित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए किया गया और संगठन ने अभियान के दूसरे चरण को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करने का संकल्प लिया।

## उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने दिए प्राधिकरण की आय बढ़ाने के निर्देश

### कहा, जोन प्रभारी व नगर नियोजक करें लक्ष्य निर्धारित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने समीक्षा बैठक में अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक जोन प्रभारी प्राधिकरण की आय बढ़ाने के लिए किया जाए लक्ष्य निर्धारित एवं निर्धारित लक्ष्य को शत–प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। कलाल ने विशेष रूप से कहा कि जिन सड़कों पर टेंडर जारी हो चुके हैं और जिनकी स्वीकृति जीडीए बोर्ड द्वारा प्रदान की जा चुकी है, उन मार्गों से सटे भू–खण्डों पर भवन निर्माण के इच्छुक लोग प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत करा सकते हैं। उपाध्यक्ष ने जनता से सार्वजनिक अपील करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति निमार्णाधीन सड़कों के किनारे स्थित प्लॉट पर भवन निर्माण करना चाहता है, तो वह प्राधिकरण के समक्ष नक्शा अनुमोदन हेतु आवेदन करने के लिए स्वागत योग्य है। जीडीए पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इससे जहां विकास कार्य बिना बाधा के समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ेंगे, वहीं प्राधिकरण की आय में भी महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। बैठक में प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक, प्रभारी मुख्य अभियंता, नगर नियोजक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्रीलंका के गम्पहा में राहत एवं पुनर्वास कार्यों में एनडीआरएफ की तैनाती

### स्वच्छ पेयजल बहाली हेतु विशेष अभियान जारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑपरेशन सागर बंधु के तहत एनडीआरएफ की एक टीम श्रीलंका के गम्पहा जिले में प्रभावित समुदायों को राहत प्रदान करने के लिए सतत और सुव्यवस्थित कार्रवाई में जुटी हुई हैं। एनडीआरएफ टीम की कमान प्रवीण कुमार तिवारी, कमाण्डेंट, 8वीं बटालियन, कर रहे है। स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय रखते हुए एनडीआरएफ की टीम क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय रूप से राहत एवं पुनर्वास कार्यों का संचालन कर रही हैं। अधिकांश प्रभावित परिवारों को स्वच्छ पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए एनडीआरएफ ने कुओं की गहन सफाई, कीचड़ एवं दूषित जल की निकासी, तथा जल शोधन करते हुए पेयजल आपूर्ति को पुनर्स्थापित करने हेतु विशेष अभियान प्रारंभ किया है। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत उपलब्ध कराना, जलजनित बीमारियों के जोखिम को कम करना और समुदायों को शीघ्र सामान्य स्थिति में लौटने में सहायता प्रदान करना है।





एनडीआरएफ टीम में क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त संसाधन भी तैनात कर रही हैं। स्थानीय निकायों, स्वास्थ्य विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर राहत कार्यों की निरंतर समीक्षा की जा रही है।

### श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नोएडा सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री महेश शर्मा की माता ललिता देवी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह नोएडा पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय ललिला देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## ऑल इंडिया मैन्युफैक्चरर्स ऑर्गेनाइजेशन और वरदान अस्पताल ने लगाया रक्तदान शिविर

### उद्यमियों और श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑल इंडिया मैन्युफैक्चरर्स ऑर्गेनाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) और वरदान अस्पताल द्वारा गुरुवार को मेरठ रोड स्थित संगठन के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के अनेक उद्यमियों, सामाजिक रूप से सक्रिय व्यक्तियों और उद्योग जगत से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।



रक्तदाताओं में अनिल गर्ग (विजय सैनिट्री), करुणेश त्यागी (प्लांट हेड, यूनिकैम), सत्यभूषण अग्रवाल (अध्यक्ष, अमृत स्टील कंपाउंड), वैभव अग्रवाल (कुमार इंजीनियरिंग) और अनिल तनेजा (बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र) शामिल रहे। इसके साथ ही श्रीराम पिस्टन्स, हमदर्द और अल्बर्ट डेविड सहित कई फैक्ट्रियों के श्रमिकों ने भी बड़ी संख्या में रक्तदान कर शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। आयोजन की ओर से वरदान अस्पताल और ऑल इंडिया मैन्युफैक्चरर्स ऑर्गेनाइजेशन (यूपी स्टेट बोर्ड) के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल ने सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उद्योग जगत और श्रमिकों द्वारा किया गया यह योगदान समाज के लिए प्रेरक उदाहरण है। आयोजन स्थल पर जलपान की व्यवस्था भी संगठन की ओर से की गई। रक्तदान शिविर के दौरान पूरे समय उत्साहपूर्ण माहौल रहा और प्रतिभागियों ने मानवसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

## फर्जी कंपनियों के जरिये 10.59 करोड़ रुपये की जीएसटी हड़पी

**हापुड़।** जीएसटी में पंजीकरण कराने के बाद चार स्क्रैप कंपनियों ने कागजों में ही करोड़ों रुपये का कारोबार दिखाकर 10 करोड़ 59 लाख 49 हजार रुपये की आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) हड़प ली। चारों कंपनियां पिलखुवा क्षेत्र में पंजीकृत थीं। मामले में राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त जयप्रकाश ने कोतवाली में चार कंपनी संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राज्यकर विभाग खंड चार के सहायक आयुक्त जयप्रकाश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि किंग एंटरप्राइजेज, केएमएस स्कूल रोड पिलखुवा निवासी शादाब मलिक ने नौ सितंबर 2017 में पंजीकरण कराने के लिए हापुड़ में आवेदन किया था। घोषित पते का बिजली का बिल भी संलग्न किया गया। इसके बाद कंपनी के माध्यम से करोड़ों रुपये का कागजों में ही कारोबार दिखा दिया।

### चिन्टू जी




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।